# अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम

## *Social Activities* *News & Events*

## (०१.०९.२०२५ से ३१.०८.२६)

**Lalitpur Unit: 31.03.2026**

भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रथम  दिवस शोभायात्रा में शामिल हुए एवं द्वितीय दिवस श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज की चांदमारी की भूमि पर स्थित पाण्डुक शिला पर भगवान का अभिषेक हुआ व नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ललितपुर शाखा एवं जैन मिलन सिविल लाइन शाखा के तत्वाधान में स्टाल लगा कर अंगूर एवं केला का वितरण किया व शीतल जल पिलाकर गर्मी के मौसम में श्रद्धालुओं को राहत प्रदान की। इस अवसर पर शाखा संरक्षक श्री सनत जैन खजुरिया, अध्यक्ष श्री विजय कुमार जैन,मंत्री राज कुमार जैन (सराफ)श्री रमेश जैन ग़दयाना,श्री महिपाल जैन,श्री केवल चंद्र जैन,श्री गौरव जैन,श्री सुनील जैन सर्राफ आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**THA Ghaziabad Unit: 30.03.2026**

आज दिनांक 30 मार्च 2026 को भगवान महावीर की जन्म जयंती के पावन दिन पर ही आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी का दीक्षा दिवस उन्ही की शिष्या  आर्यका सुज्ञानमती माताजी एवं दया माति माताजी के पावन सानिध्य में दिल्ली की पावनधरा कैलाश नगर में भव्य रूप से मनाया गया। इस भव्य कार्यक्रम में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों के द्वारा पूर्ण श्रद्धा के साथ सहभागिता की गई. इस अवसर पर शाखा के सदस्यों द्वारा माताजी को श्रीफल भेंट किया गया एवं सभी सदस्यों का मंच पर स्वागत एवं सम्मान किया गया ।इस कार्यक्रम में आचार्य श्री को समर्पित महापूजा अर्चना में शाखा के सदस्यों को दीप द्रव्य समर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूजनीय माता जी के द्वारा अपने संबोधन में आचार्य श्री के सभी कार्यक्रमों में फोरम के सदस्यों द्वारा सहभागिता करने के लिए सभी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा की जैन बैंकर्स फोरम आचार्य श्री के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए निरंतर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन श्री केवीएस जैन शाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन शाखा सचिव सुखसागर जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन एवं शाखा सदस्य श्री वी के जैन ने सहभागिता की ।

**Sagar Unit: 30.03.2026**

आज दिनांक 30.03.2026 को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शहर में श्री जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसका अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम द्वारा भव्य स्वागत,तिलक लगाकर सम्मान किया गया, कोल्ड ड्रिंक एवं जल का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में करीब 50 बैंकर्स परिवार सहित शामिल हुए इसमेंश्री वीरेंद्र प्रधान(संरक्षक) ,श्री राजेश सिंघई (संरक्षक ) श्री यशवन्त जैन (अध्यक्ष), अजित कुमार जैन (सचिव), राकेश कुमार जैन सतभैया(कोषाध्यक्ष), राजेश जैन, राकेश जैन,रमेश चन्द जैन, अरुण सिंघई, एम. एल जैन, वीरेन्द्र प्रधान, पी.के.जैन, प्रमोद जैन,ऋषभ जैन ,एन.के.जैन.एम.एल.जैन, महेन्द्र जैन, कैलाश जैन, राजेंद्र कुमार जैन, के सी जैन मति शिल्की जैन, श्री मति दीप्ति सिंघई सम्मिलित हुए।

## Muzaffarnagar Unit: 30.03.2026

Muzaffarnagar यूनिट के सदस्यों द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष मै झंडारोहन भी किया गया और बहुत से धार्मिक स्थलो पर भी झंडे लगाए गये।

## Baran Unit: 30.03.2026

आज महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की पूजन एवं आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के दीक्षा दिवस पर आचार्य श्री की पूजन जैन जोडला मन्दिर में की गई।

## Muzaffarnagar Unit: 30.03.2026

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, Muzaffarnagar, यूनिट के सदस्यों द्वारा आज महावीर जयंती के उपलक्ष मे प्रभात फेरी मे भाग लिया गया तत्पश्चत जीव दया के अंतर्गत न्यू मंडी गौशाला, मे गायों को चारा खिलाया गया इस कार्यक्रम मे श्री प्रवीणजैन( PNB) वाई केजैन,(PNB) हर्ष जैन,( PNB) जे एल जैन( PNB) , राकेश जैन, ग्रामीण बैंक एवम अन्य बहुत से सदस्यों ने भाग लिया।

## Saharanpur Unit: 30.03.2026

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, यूनिट सहारनपुर की मिटिग श्री अनिल कुमार जैन ( भगवती कालोनी ) के निवास स्थान पर 28.03.2026 दिन शनिवार को दोपहर 3.00 बजे हुई। मिटिग की शुरुआत 0.45 मिनट के णमोकार मंत्र के साथ शुरू हुई। इसके पश्चात मिटिग मे विचार करने के बाद यह तय हुआ कि हर माह के अन्तिम रविवार को प्रतयेक सदस्य के निवास पर दोपहर 3.00 बजे मिटिग हुआ करेगी। सभा में चुनाव पर भी चर्चा हुई। सदस्य कम होने के कारण यह विचार अगली मिटिग मे करने पर सहमति बनी। प्रत्येक मिटिग में 0.45 मिनट का णमोकार मंत्र अथवा भक्तामर पाठ होगा। उसके बाद मिटिग की कार्यवाही शुरू होगी। सेवा कार्यक्रम करने भी विचार हुआ। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे : अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, मंत्री सुधीर कुमार जैन, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गॉडन), उपाध्यक्ष श्री मदन जैन,हमारे संरक्षक श्री अरुण कुमार जैन, श्री राजीव जैन ( राम जीवन नगर) ,श्री बालेश जैन, अनुज जैन ( पारस पैलेस), श्रीमती शशी जैन, श्रीमती रेणु जैन, श्रीमती कमलेश जैन।

## THA Ghaziabad Unit: 30.03.2026

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक एवं आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से 29 मार्च 2026 को भगवान महावीर एवं आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के जीवन पर आधारित *प्रश्नोत्तरी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता बच्चों के दो आयु वर्ग: 6 वर्ष से 10 वर्ष एवं 11 वर्ष से 16 वर्ष तक, में आयोजित की गई। जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सभी बच्चों से प्रश्न पूछे गयें। कार्यक्रम में लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया।

✅कार्यक्रम की शुरुआत श्री जी एवं आचार्य श्री के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। कु. ऋद्धि जैन एवं आर्या जैन के द्वारा मंगलाचरण/ भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया।

✅ड्रॉइंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सभी बच्चों से प्रश्न पूछे गये एवं सभी को पुरस्कृत किया गया। श्रीमती पूनम गुप्ता एवं श्रीमती अनिता जैन दोनों ड्रॉइंग प्रतियोगिता की जज रही। दोनों का माल्यार्पण व पटका पहनाकर सम्मान किया गया।

✅कार्यक्रम के पुरस्कार प्रायोजक श्री वीरेन्द्र जैन एवं श्री सुख सागर जैन (शाखा सचिव) परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। श्री जे.के.जैन, संरक्षक के द्वारा बच्चों को फ्रूटी एवं स्नैक्स के पैकेट दियें गयें।

✅कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री जे.के.जैन संरक्षक, के.वी.एस.जैन, सुखसागर जैन, श्रेयांश कुमार जैन, पंकज जैन, शशि जैन, वीरेन्द्र जैन, बी.एस.जैन, अंकित जैन, ऋचा जैन, अभिक जैन, विकास जैन, का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती आशी जैन, नीतू जैन ने बच्चों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया।

✅अंत में अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन जी ने कार्यक्रम की अपार सफलता के लिए सभी को धन्यावाद दिया। सभी बच्चों के अभिभावकों ने कार्यक्रम की बहुत सराहना की एवं आयोजकों को धन्यवाद दिया।

## Aligarh Unit: 30.03.2026

आज भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम अलीगढ़ के सदस्य गणों ने गौशाला में चारा खिलाया।

## Bhopal Unit: 27.03.2026

कल दिनांक 26.03.2026 दिन गुरुवार को दोपहर 3.30 बजे  सप्तम ऑनलाइन भक्तामर पाठ का आयोजन जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा किया गया. पाठ के उपरांत भक्तामर आरती एवं भजन की प्रस्तुति भी की गई.  काफी संख्या मैं इस कार्यक्रम में सदस्यों ने  अपनी सहभागिता दी.

## THA Ghaziabad Unit: 27.03.2026

सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार हर माह किए जाने वाल णमोकार मंत्र एवं भक्तामर पाठ का आयोजन दिनांक 26 मार्च 2026 को श्रीमती दीपमाला जैन जी के निवास पर किया गया। पाठ का शुभारम्भ श्री महावीर भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रवजलन से किया गया। उसके बाद 35 मिनट का णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर (संस्कृत) का पाठ सभी सदस्यों द्वारा बड़े सुंदर एवं पूर्ण मनोभाव से किया गया।

👉इस अवसर पर फोरम के निम्न आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई:-

✅दिनाँक मार्च 2026 को प्रातः 10:00 बजे भगवान महावीर एवं आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं ड्राइंग प्रतियोगिता।

✅30 मार्च 2026 को दोपहर 12:30 बजे कैलाश नगर जैन मंदिर में आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज का 39वा दीक्षा दिवस मनाने के लिए अधिक से अधिक सदस्यों की सहभागिता।

👉अंत में सामूहिक आरती के साथ सभा का समापन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम प्रायोजक परिवार के द्वारा स्वादिष्ट स्वल्पाहार कराया गया।

👉श्री विशाल चंद जैन जी शाखा अध्यक्ष के द्वारा पाठ में भाग लेने वाले सदस्यों एवं सुंदर आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया ।

## Muzaffarnagr Unit: 27.03.2026

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट की एक साधारण सभा महावीर जयंती के उपलक्ष में आज बृहस्पतिवार दिनांक 26 मार्च 2026 को यूनियन ऑफिस रामलीला भवन के सामने प्रात11:00 बजे आहुत की गई। इस सभा मे काफी सख्यां मे सदस्यों ने पधार कर महावीर जयंती के दिन आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमो के संबंध मे विचार विमर्श किया। जिसमे महावीर जयंती के उपलक्ष मे सदस्यों/साधर्मी बंधुओ के आवास/प्रतिष्ठान व अन्य धार्मिक स्थानों पर झंडे लगाने एवम महावीर जयंती के दिन जीव दया के अंतर्गत गौशाला मे गायों को चारा खिलाने का कार्यक्रम निश्चित किया गया.  आज मीटिंग मे ही महावीर जयंती के अवसर पर सदस्यों को झंडे प्रदान किये गये.  गायों को चारा खिलाने का कार्यक्रम 30.3.2026 को होना है.

## Ujjain Unit: 25.03.2026

आज ऋषि नगर दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक भक्ति कार्यक्रम में अखिल भारतीय जैन बैंक फोरम उज्जैन यूनिट के सदस्यों द्वारा भक्ति का कार्यक्रम रखा गया जिसमें लगभग 200

साधर्मि जनों ने उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता की इस अवसर पर जैन बैंक फोरम यूनिट उज्जैन के अध्यक्ष श्री राकेश जैन सचिव श्री विमलेश जैन उपाध्यक्ष श्री हीरालाल जी बिलाला एवं अन्य सदस्यों के साथ मंदिर के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित थे ।

## Bhopal Unit: 20.03.2026

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा कल दिनांक १९ मई, हिंदू नववर्ध के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन वासपूज्य जिनालय भोपाल में किया गया जिसमें सदस्यों एवं समाज जन ने भक्ति भाव से हर्षोल्लास से भजन किया, सभी के पुण्य की अनुमोदना.

## Gurgaon Unit: 19.03.2026

***मैत्री भाव जगत में मेरा सब जीवों से नित्य रहे* *दीन दुखी जीवों पर मेरे उर से करुणा श्रोत्र बहे***

इसी *भावना* से ओतप्रोत फोरम गुड़गांव unit के लगभग 25 सदस्य, शनिवार, दिनांक 14 मार्च 2026 को संरक्षक श्री सोम प्रकाश जी जैन के अगुआई में *बंधवारी स्थित द अर्थ सेवियर फाउंडेशन* द्वारा संचालित *गुरुकुल-अनाथलय-वृद्धाश्रम* पहुंचे। वहाँ के *दृश्य द्रवित* करने वाले और इस जग की व्यथा को समझने वाले थे, *वैराग्य की एक अनुभूति* लाने वाले थे। सभी सदस्य अपने साथ यथा शक्ति *वस्त्र, unexpired दवाइयां, आवश्यक खाद्य सामग्री* लेकर पहुंचे। इसके अलावा सदस्यों ने 15800 की नगद राशि भी डोनेट की। *विजिट बहुत ही करुणा से ओतप्रोत रही।* बंधवारी के इस अनुपम *कार्यक्रम* के पश्चात *संरक्षक श्री सोम प्रकाश जी जैन द्वारा फोरम के सभी सदस्यों को दोपहर का भोजन* स्पॉन्सर किया गया।

## Bhopal Unit: 16.03.2026

बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा कैंसर हॉस्पिटल भोपाल में भोजन वितरण किया गया, सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर, पुण्य का कार्य किया, कार्यक्रम के प्रायोजक श्री अनिल जैन जी थे.

## Lalitpur Unit: 15.03.2026

परम पूज्य सुधा सागर महाराज जी के ललितपुर प्रवेश के समय हमारे ललितपुर शाखा के मुख्य पदाधिकारी गण ने पूर्ण रूप से मग्न होकर एवं भावना युक्त नृत्य प्रस्तुत किया । ललितपुर शाखा के श्री सनत कुमार जैन खजूरिया जी एवं अन्य सभी पदाधिकारी को महाराज श्री की अगवानी में सम्मिलित होने के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं साधुवाद।

## Lalitpur Unit: 14.03.2026

श्री सतोदय अतिशय क्षेत्र (सिरोन जी ) में निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के सानिध्य में हुए भव्य पंच कल्याणक महोत्सव दिनांक 04 मार्च से 9 मार्च तक में जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट ने वित्त व्यवस्था लेकर महोत्सव में अपना योग दान दिया।जिसमें संस्था के सभी सदस्यों ने प्रतिदिन सतोदय क्षेत्र ( सिरोन जी) जाकर सहयोग किया। श्री शांतिनाथ सतोदय अतिशय क्षेत्र के ऐतिहासिक भव्य पंच कल्याणक में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम शाखा ललितपुर के सदस्यों द्वारा एवं जैन मिलन शाखा सिविल लाइन ललितपुर के सभी सदस्यों द्वारा वित्त व्यवस्था एवं कलश वितरण का अति महत्वपूर्ण कार्य बड़ी ही कुशलता एवं समर्पण की भावना से सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। दोनों संस्थाओं के अमूल्य योगदान हेतु श्री शांतिनाथ सतोदय अतिशय क्षेत्र सेरोंन कमेटी अविभूत है व हृदय से आभार व्यक्त करती है।

## THA Ghaziabad Unit: 07.03.2026

ग्रामीण अंचलों में स्थित प्राचीन जिन मंदिरों/धरोहरों को सुरक्षित* रखना हम सभी का दायित्व है। अतः ग्राम राडधना (निकट सरधना) जिला मेरठ में स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, जहां मूलनायक भगवान श्री शांतिनाथ की अतिशयकारी प्रतिमा स्थापित है, के पास एक *संत निवास निर्माण* का निर्णय वहां के समाज द्वारा लिया गया। *शिलान्यास समारोह का आयोजन आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज के सान्निध्य में दिनाँक 6 मार्च को किया गया*।

✅इस आयोजन में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों ने पूरी सक्रियता से सहभागिता की एवं 20 यात्रियों की एक बस का संचालन किया।

✅कार्यक्रम का *शुभारम्भ मंगलाचरण के करने का सौभाग्य श्रीमती पूनम जैन पत्नी श्री सुखसागर जी को प्राप्त हुआ।* जिन्होंने बहुत ही सुंदर भजन प्रस्तुत किया।

✅इस भव्य कार्यक्रम में हमारी शाखा के सदस्यों ने अपनी *चंचला लक्ष्मी का सदुपयोग* निम्न प्रकार करके सौभाग्य प्राप्त किया :-

👏सचिव श्री सुखसागर जैन को *चांदी के फावड़े से खुदाई एवं मिट्टी रूपी रत्न निकालना।*

👏राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री ब्रह्म श्रमण जैन जी को *रजत शिला स्थापित करना।*

👏शाखा के संरक्षक एवं  राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार जैन जी को *पंच-परमेष्ठी शिला स्थापित करना।*

✅इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक *श्री जे.के.जैन जी के द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम से संबंधित सूक्ष्म जानकारी मंच से प्रदान की गई।*

✅इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जे.के.जैन, शाखा सचिव श्री सुखसागर जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी.एस.जैन ने सपरिवार अपनी सहभागिता दी।

✅*राडधना मन्दिर कमेटी के द्वारा सहभागिता करने वाले सभी सदस्यों का पगड़ी, पटका, माला पहना कर स्वागत सम्मान* किया एवं कार्यक्रम में शामिल होने के लिये बहुत आभार व्यक्त किया गया।

✅इस अवसर पर निम्न सदस्यों के द्वारा *दान स्वरूप सहयोग राशि* प्रदान की गई :

👉श्री सुखसागर जैन Rs.71000/-

👉श्री बी एस जैन Rs.51000/-

👉श्री जेके जैन Rs.11000/- + Rs.2100/-

✅यहां के दर्शन के बाद सभी के द्वारा निकटवर्ती *अतिशय क्षेत्र सलावा जी*, जहां श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का अतिशयकारी मंदिर है एवं भगवान आदिनाथ की मूलनायक प्रतिमा है, वहां बड़े *भक्ति भाव से सभी के द्वारा 48 दीप भक्तामर महाअर्चना पाठ किया गया।*

## Baran Unit: 05.03.2026

दिनांक 24 फरवरी से 04 मार्च तक हुए श्री सिद्ध चक्र मण्डल विधान में फोरम के सदस्यों ने सह भागिता दी इस अवसर पर फोरम के अध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद जैन द्वारा श्री महावीर जिनालय के नवीन शिलान्यास समारोह में दो स्वर्ण शिला एक मंगल कलश एवं तीन रजत ईंटें जो लगभग 44000/- की राशि की है विराजित की गई।

## Jhansi Unit: 03.03.2026

दिनांक 02.03.26 को मेडिकल कॉलेज झांसी में होली के अवसर पर मरीजों एवं अटेंडर को सांय काल का भोजन वितरण किया गया विजय जैन एवं श्रीमती इंदिरा जैन द्वारा.

## THA Ghaziabad Unit: 01.03.2026

हर्ष के साथ सूचित है कि आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी की प्रेरणास्थली अतिशय क्षेत्र बड़ा गांव खेकड़ा, जहां अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन जी के परिवार द्वारा आचार्य ज्ञानसागर महाराज जी की सुशिष्या 105 आर्यिका सुज्ञानमती माताजी एवं दयामती माताजी के पावन सानिध्य में *अष्टानिका पर्व के अवसर पर सिद्धचक्र महामंडल विधान* का आयोजन किया गया है, में आज दिनांक 01 मार्च 2026 रविवार को भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। जहां *श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की अतिश्यकारी प्रतिमा पर अभिषेक करने* का सौभाग्य एवं शांति धारा में भी सहभागिता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सहभागिता करने वाले सभी सदस्यों के द्वारा बड़ी श्रद्धा के साथ पूजन पाठ किया गया ।

✅इस अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.के. जैन जी द्वारा *जैन बैंकर्स फोरम के बारे में सूक्ष्म जानकारी प्रदान की गई।*

✅इस यात्रा में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जे.के. जैन, कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन, शाखा सचिव श्री सुखसागर जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन जी ने सहभागिता की।

## Gurgaon Unit: 01.03.2026

*धार्मिक प्रभावना से ओतप्रोत धर्म कल्याण की भावना से प्रेरित होकर, श्री पदमपुरा अतिशय क्षेत्र पर चल रहे, पंचकल्याणक के सुमंगल अवसर पर, गुरुग्राम शाखा के अक्ष्यक्ष श्री राजेश जैन एवं उनकी भार्या श्रीमती रूपा जैन ने एक लाख की राशि दान की है।* *हम सभी उनके धार्मिक हृदय की भावना के लिए बधाई देते हैं और मंगल भविष्य की कामना करते हुए अनुमोदना करते हैं।*

## THA Ghaziabad Unit: 25.02.2026

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से एक तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा 21 फरवरी 2026 को ट्रेन से प्रारंभ की गई। जिसमें हम दिल्ली से झांसी गए वहां से टेंपो ट्रैवलर के माध्यम से सर्वप्रथम कारगुआ अतिशय क्षेत्र के दर्शन किए जहां सांवलिया पारसनाथ भगवान की बहुत ही प्राचीन एवं मनोहरी प्रतिमा विराजित थी। कारगुआ क्षेत्र पर झांसी यूनिट के अध्यक्ष श्री विजय कुमार जैन जी, कोषाध्यक्ष श्री रौनक जैन जी एवं शाखा सदस्य कुमारी आकांक्षा जैन द्वारा सभी यात्रियों का पटका माला पहना कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप कुमार जैन आदित्य का भी सानिध्य प्राप्त हुआ जो की झांसी यूनिट के श्री रौनक जैन जी के निकट संबंधी हैं। इस अवसर पर झांसी यूनिट के पदाधिकारी एवं केंद्रीय पदाधिकारी के मध्य एक मीटिंग का भी आयोजन किया गया। जिसमें यूनिट के अध्यक्ष श्री विजय कुमार जैन जी ने शाखा द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। उनसे अनुरोध किया गया कि शाखा को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। श्री विजय जैन जी ने आश्वासन दिया कि वह निकट भविष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित करने का प्रोग्राम बना रहे हैं जिसकी सूचना यथासमय केंद्रीय कार्यालय को प्रेषित की जाएगी ।करगुआ क्षेत्र से बोहराकला अतिशय क्षेत्र के दर्शन करने के लिए गए जहां मुनि पुनगव सुधा सागर जी महाराज ससंघ विराजमान थे महाराज श्री के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं उनके बहुचर्चित शंका समाधान कार्यक्रम में भी भाग लिया ।उसके उपरांत रमणीक पहाड़ी पर स्थित भव्य गोलाकोट मंदिर के दर्शन किए एवं अतिशयकारी विशाल आदिनाथ भगवान की प्रतिमा का अभिषेक एवं शांति धारा करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। गोलाकोट के उपरांत खण्डारगिरी अतिशय क्षेत्र चंदेरी चौबीसी जिनालय के दर्शन किये। विद्यांचल पर्वत माला में स्थित थूऔन जी के 26 जिनालयौ के दर्शन किए यहां पर तीर्थंकर शांतिनाथ भगवान की अत्यंत प्राचीन एवं मनोहरी खडगासन प्रतिमा स्थापित थी। अंतिम दिन 23 फरवरी को सभी के द्वारा सोनागिर सिद्ध क्षेत्र के दर्शन किए एवं तीर्थंकर चंद्रप्रभु भगवान की के मोक्ष कल्याण के अवसर पर पहाड़ी पर स्थित चंद्रप्रभु जिनालय में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर सभी को चंद्रप्रभु भगवान जी की प्रतिमा का अभिषेक एवं शांतिधारा करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस यात्रा में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री केवीएस जैन जी, श्री जेके जैन जी, शाखा सचिव श्री सुखसागर जैन जी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री ब्रह्म शरण जैन जी आदि ने सपरिवार भाग लिया ।इस यात्रा का आयोजन एवं कुशल संचालन शाखा सचिव श्री सुखसागर जैन जी द्वारा किया गया ।

झांसी यूनिट के सभी सदस्यों विशेष रूप से श्री विजय जैन जी अध्यक्ष, श्री रौनक जैन जी कोषाध्यक्ष, Ms आकांक्षा का बहुत बहुत धन्यवाद कि विषम परिस्थिति के बावजूद भोजन एवं स्वागत की अति उत्तम व्यवस्था की। बैंकिंग कार्यकारी दिवस के बीच में भी समय निकालकर उपस्थित हुये। जहां तक भोजन की बात है, एक समय ऐसा लगा कि मंत्री जी के आगमन के कारण भोजन नहीं कर पायेंगे, परंतु यह *प्रभु 1008 साँवरिया श्री पार्श्वनाथ भगवान का चमत्कार* था कि भोजनालय के द्वार हमारे लिये खुल गये एवं हमारी झाँसी यूनिट सदस्यों के द्वारा तैयार करवाये गये स्वादिष्ट गरमा-गरम भोजन का आनंद लिया। *पुनः हार्दिक आभार*

## Aligarh Unit: 25.02.2026

अष्टानिका पर्व में प्रतिदिन भक्तांबर पाठ की श्रृंखला में आज अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की अलीगढ़ इकाई के संरक्षक श्री राम कुमार जी जैन द्वारा भक्तांबर पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तगणों ने और बैंकर्स फोरम के सदस्यों ने भाग लिया।

## Bhopal Unit: 25.02.2026

आज जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा दिनांक 25.2.2026 दिन बुधवार को दोपहर 3.0 बजे मासिक ऑनलाइन भक्तांबर पाठ का छठवां आयोजन किया गया, इस बार श्री राजेंद्र मीनाक्षी जैन ने इंग्लैंड से एवं श्री डी के जैन सा वास्तुविद ने अयोध्या जी से भाग लिया साथ ही अयोध्याजी के श्री आदिनाथ भगवान के दर्शन का भी सौभाग्य मिला.

## Bhopal Unit: 24.02.2026

जैनबैंकर्स फोरम भोपाल की जानकारी में आया कि, क्षेत्र के एक मंदिर जी में कार्यरत पुजारी जी के बेटे को किडनी में इंफेक्शन हो गया है जिसका कल एम्स में ऑपरेशन था, अनुमानित व्यय अधिक था, जिसको जुटाने में उन्हें बहुत असुविधा लग रही है, समाजजन भी आर्थिक सहयोग कर रहे हैं, इसके बावजूद भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो रही थी, हमारे फोरम के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहयोग Rs 11000/- की मदद की देने की पहल की गई, एवं दो घंटे में आव्हान पर राशि एकत्रित की गई

**औषधि दान मे सहयोगी**

| | |
|---|---|
| TC Jain | 3000/- |
| Arun Choudhary | 500/- |
| Ashok Jain UBI | 500/- |
| MK Jain Canara | 500/- |
| Rajesh Jain BOI | 1000/- |
| NareshRanka | 500/- |
| SK Jain Syndicate | 500/- |
| AP Jain | 1000/- |
| NK Jain | 1000/- |
| Rajesh Jain AGM | 500/- |
| Prabhat goyal | 500/- |
| Alok Jain | 500/- |
| Anil Jain Secy. | 1000/- |
| Vinod Jain | 500/- |
| Shailendra Jain | 500/- |

पुजारी जी के बेटे का कल ऑपरेशन एम्स में होना तय था, इस कारण यह राशि Rs 11000 उनके खाते में जमा कर दी है., औषधी दान में जिन-जिन ने सहयोग किया है उनका बहुत-बहुत धन्यवाद.

## Bhopal Unit: 23.02.2026

जैन मंदिर स्मार्ट सिटी टी टी नगर में पंचकल्याणक एवं भगवान श्री नेमिनाथ जी की मूर्ति स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर मंदिर समिति ने श्री प्रभात गोयल अध्यक्ष जैन बैंकर्स फोरम Bhopal को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

## Jhansi Unit: 23.02.2026

*Jain Bankers Forum की Ghaziabad Unit* से लगभग 24 बैंकर्स 21 फरवरी को झांसी आगमन हुआ। आगमन पर *झांसी यूनिट* सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। *Pradeep Jain Aditya (पूर्व केंद्रीय मंत्री)* के करकमलों द्वारा तथा हमारी यूनिट के *अध्यक्ष श्री विजय जैन जी, आकांक्षा जैन एवं रौनक जैन जी* द्वारा सभी का आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही *श्री J. K. Jain sir (राष्ट्रीय अध्यक्ष, Jain Bankers Forum)* की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें *पूर्व केंद्रीय मंत्री Pradeep Jain Aditya जी* भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मंच से फोरम के लिए अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन प्रदान किया। झांसी यूनिट सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत कर अत्यंत हर्षित एवं गौरवान्वित है। उक्त दिवस पर

*Akhilesh Yadav (पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश) जी* का कार्यक्रम भी कारगुवा मंदिर जी में आयोजित था, जिसके कारण व्यवस्थाओं में थोड़ी असुविधा हुई। इसके लिए झांसी यूनिट क्षमाप्रार्थी है।

## Sagar Unit: 22.02.2026

आज दिनांक -22.02.2026 दिन रविवार को महिला आश्रम में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम इकाई सागर के सौजन्य से बच्चियों के साथ  सहभोज  का आयोजन किया गया महिला आश्रम में करीब 90 बच्चिया छात्रावास में रहती हैं वहीं के स्कूल में ही पढ़ाई करती हैं । बैंकर्स फोरम द्वारा एक कैरियर काउंसिल एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी हेतु कार्यक्रम करने का संकल्प लिया गया ,साथ ही श्री यशवंत जैन एवं श्री राकेश सतभैया ने महिला आश्रम के  प्रकल्पों में सहयोग करने की घोषणा की । बैंकर्स फोरम की ओर से करीब 22 सदस्यों ने सहभागिता प्रदान की कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंघई(CBI) ने किया कार्यक्रम की योजनाओं के वारे में श्री अजित कुमार जैन (SBI) ने विस्तार से जानकारी प्रदान की एवं महावीर जयंती पर कार्यक्रम करना सुनिश्चित किया। श्री वीरेन्द्र प्रधान,श्री एम.एल.जैन ने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम में श्री यशवन्त जैन(अध्यक्ष),श्री अजित कुमार जैन(सचिव), श्री राकेश सतभैया(कोषाध्यक्ष),श्री राजेश सिंघई,श्री एम एल जैन, श्री वीरेन्द्र प्रधान, श्री राकेश जैन, श्री उपेन्द्र जैन, श्री राजेश जैन, श्रीमति शिल्की जैन, सुश्री प्रतिभा जैन श्री अरुण सिंघई श्री रमेश जैन,श्री प्रमोद जैन,श्री मानक लाल जी, श्री अंकित भायजी, श्री राजकुमार जैन,श्री सुभाष जैन,श्री ऋषभ जैन,श्री महेन्द्र जैन उपस्थित हुए अंत में श्री यशवंत जैन ने आभार व्यक्त किया ।

## THA Ghaziabad Unit: 15.02.2026

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार हर माह किए जाने वाल णमोकार मंत्र एवं भक्तामर पाठ का आयोजन आज दिनांक 15 फरवरी 2026 को शाखा संयुक्त सचिव श्री शशि जैन जी के निवास पर किया गया। पाठ का शुभारंभ शाखा संरक्षक श्री श्री जे.के. जैन एवं शाखा वरिष्ट उपाध्यक्ष श्री श्रेयांस जैन द्वारा दीप प्रवजलन के साथ किया गया। उसके बाद णमोकार मंत्र एवं भक्तामर (संस्कृत) का पाठ सभी सदस्यों द्वारा बड़े सुंदर एवं मनमोहक रूप में किया गया।

2.इस अवसर पर *मीटिंग के आयोजक श्री शशि जैन को उनके जन्मदिन आज 15 फरवरी पर पुष्पगुच्छ भेट कर शुभकामनाऐं दी गई।*

3.सामूहिक आरती के साथ सभा का समापन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम प्रायोजक परिवार के द्वारा स्वादिष्ट स्वल्पाहार कराया गया।

4.श्री जे.के. जैन जी के द्वारा पाठ में भाग लेने वाले सदस्यों एवं सुंदर आयोजन के लिए आयोजक का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## Baran Unit: 15.02.2026

दिनांक 15.02.2026 को दिगम्बर जैन जोडला मन्दिर जी में 48 दीपक द्वारा भक्तामर अनुष्ठान किया गया एवं श्रमण संस्कृति संस्थान द्वारा संचालित द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम के परीक्षार्थियों को अंक तालिकाएं वितरित की एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को पारितोषिक द्वारा सम्मानित किया गया।

## Jaipur Central Unit: 14.02.2026

हमारी यूनिट के सदस्यो द्वारा बैंकिंग के क्षेत्र में समाज सेवा को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है।और इसी को जारी रखते हुए हमारे सदस्यो द्वारा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, व सेवा क्षेत्र के सदस्य से सम्पर्क बनाकर  कार्य किया जा रहा है।

दिनांक 08/02/2026 को सुपार्सनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव में सम्मिलित होने सुपार्सनाथ जिनालय, ग्राम खराना तहसील आंधी जिला जयपुर में हमारे अध्यक्ष श्रीबाबूलाल जैन बिलाला तथा कुछ साथियो ने यात्रा की। कार्यक्रम के दौरान श्रीबाबूलाल जैन ने जैन बैंकर्स से सम्बंधित कुछ जानकारिया समाज के सामने रखी। व अनुरोध किया कि बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी किसी भी  प्रकार की कोई समस्या हो तो उसका समाधान हेतु निःशुल्क सेवा प्रदान की जाती है। तथा  हल कराने के प्रयास किये जाते है। तथा अपना मोबाइल नं. भी शेयर किया। जिससे कुछ लोगो ने अपनी समस्या से अवगत करवाया।  उनमें से एक श्रीमति कांता जी जैन ने जयपुर में

लोकर दिलाने के लिए निवेदन किया। अतः हमने दूसरे दिन जयपुर में उनके निवास स्थान के आसपास स्थित बैंकों से खाली लाकर की जानकारी लेकर शाखा प्रबंधक से श्रीमति कांता जैन को लाकर उपलब्ध कराने का निवेदन किया। शाखा प्रबंधक मुख्य प्रबंधक श्रीमति रजनी बागडा ने हमारा निवेदन स्वीकार करते हुए दो दिन बाद लाकर उपलब्ध करवा दिया। हम मुख्य प्रबंधक महोदया का आभार प्रकट करते है। तथा श्रीमति कांता जी जैन व परिवार ने जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट का आभार प्रकट किया।

## THA Ghaziabad Unit: 14.02.2026

हमारे द्वारा लिए गए संकल्पानुसार अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की त्रैमासिक भक्तामर 48 दीप महाअर्चना पाठ आज दिनांक 14 फरवरी 2026 को शाम 6:30 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली गाजियाबाद पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूर्ण भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया जिसमें बारी-बारी से फोरम शाखा के सदस्य परिवारों ने एवं जैन समाज परिवारों के द्वारा दीप प्रज्वलित किए गए एवं उसके बाद सामूहिक आरती की गई। कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री केवीएस जैन, श्री जेके जैन शाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री ब्रह्मश्रमण जैन प्रचार मंत्री श्री अंकित जैन संयुक्त मंत्री श्री अंकुर जैन शाखा सदस्य श्री अरुण कुमार जैन श्री विकास जैन श्री अभिक जैन आदि के द्वारा परिवार सहित सहभागिता की गई। साथ ही जैन समाज के परिवारों ने भी काफी संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती कुसुम जैन वैशाली द्वारा किया गया

## Saharanpur Unit: 14.02.2026

सहारनपुर इकाई के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन भगवती कालोनी द्वारा जैन मन्दिर मदनपुरी कालोनी में स्टील की पाँच मेज और बेंच उपलब्ध करायी गई। इस अवसर पर मन्दिर में शान्ति विधान किया और भगवान मुनिसुव्रतनाथ जी का निर्वाण लड्डू चड़ाया गया।

## Jaipur Central Unit: 12.02.2026

हमारी यूनिट द्वारा बाडा-पदमपुरा (जयपुर) में विराजमान भगवान पदमप्रभू के तथा अल्पप्रवास हेतु वहां विराजमान आचार्य 108 वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ तथा आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी व सभी साधु-संतों 38 पिछी के दर्शन करने का कार्यक्रम दिनांक 11/02/2026 को रखा गया। साथ ही पदमपुरा में नवनिर्मित खडगासन चौबीसी के प्रस्तावित पंचकल्याणक 18 से22 फरवरी 26 में सम्भावित कार्यक्रमों की चर्चा हेतु यात्रा की गई। यह हमारा सौभाग्य रहा कि इसी दिन पंचकल्याणक महोत्सव के निर्विघ्न सम्पन्न होने हेतु वहां की कमीटी द्वारा आचार्य 108 वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ व आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी सहित 38 पिछी के सानिध्य में पदमप्रभू विधान का आयोजन किया गया था और वहां की कमीटी द्वारा विधान में सम्मिलित होने का हमें अवसर प्रदान किया। विधान के पश्चात आर्यिका 105 स्वस्ती भूषण माता जी को उनके प्रवास स्थल पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के पदाधिकारियों द्वारा श्रीफल भेंट किया गया। तथा माताजी से जैन बैंकर्स फोरम के प्रणेता व मार्गदर्शक आचार्य 108 ज्ञानसागर जी महाराज के सानिध्य व संस्मरणो पर विस्तार से चर्चा हुई। इसी दौरान माताजी के सानिध्य में चतुर्मास के समय वार्षिक साधारण सभा आयोजित करने पर भी चर्चा की गई। इस बारे में माताजी ने चतुर्मास स्थान (जोकि 3-4 माह पश्चात तय किया जावेगा) हो जाने पर संपर्क करने की सलाह दी। जैन बैंकर्स फोरम के उद्धेश्य की जानकारी से माताजी काफी प्रभावित थी। अंत में माता ने शुभआशिर्वाद दिया व पंचकल्याणक में सम्मिलित होने की सलाह दी।

## Gurgaon Unit: 10.02.2026

*दिनांक 7, 8 ,9 फरवरी 2026* को *वर्धमान सेवा समिति* गुड़गांव, *रेड क्रॉस सोसायटी* गुड़गांव तथा *अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम* की गुड़गांव यूनिट ने *भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर* के तत्वावधान में *तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क दिव्यांग कल्याण शिविर (जांच एवं वितरण कैंप * का आयोजन, भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, महावीर पार्क में किया गया। तीन दिन चले इस कैंप में *यूनिट के लगभग 15 सदस्यों* ने सहयोग प्रदान करने हेतु अपनी *सेवाएं* अर्पित की. *इस परोपकारी शिविर में जांच उपरांत दिव्यांगों को 300 कृत्रिम पैर (जयपुर फुट), कृत्रिम हाथ (कोहनी से नीचे), पोलियो ग्रस्त व्यक्ति को कैलीपर्स,

बैसाखियां, 25 व्हील चेयर एवं 20 ट्राइ साइकिल देकर निःशुल्क वितरण किया गया।* *उपकरणों का वितरण पैनल के डॉक्टर्स द्वारा दिव्यांगजन की जांच करके ही प्रदान किए गए।* *आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वजन द्वारा सेवा संस्थान, समिति तथा फोरम के पदाधिकारियों के साथ स्थानीय विधायक श्री मुकेश शर्मा द्वारा किया गया।* आयोजन में निःशुल्क भोजन प्रदान किया गया. *तीन दिन चले इस आयोजन का जरूरतमन्दो द्वारा भरपूर लाभ लेकर आयोजन को सफल एवं गौरवान्वित किया।*

## Baran Unit: 09.02.2026

अखिल भारतीय जैन बेंकर्स फोरम के अध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद जैन ने सपत्नीक भगवान सुपार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर जहाजपुर में विधान पूजा में भाग लिया एवं 22000/- की बोली द्वारा मोक्ष कल्याणक का लाडू समर्पित किया इस अवसर पर फोरम के संगठन मंत्री श्री मुकेश जैन भी सपत्नीक साथ रहे ।

## Bhopal Unit: 08.02.2026

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा आज दिनांक 8 फरवरी रविवार को पंचायत कमेटी द्वारा निर्मित भगवान मुनिसुवृत नाथ जिनालय गोदरमऊ में पुजारीजी, माली जी चौकीदार को कबल वितरण किया गया. श्री अभिनंदन जी जैन , श्री शैलेन्द्र जैन, श्री राजेश जैन प्रभात गोयल, एवं महिला सदस्यों द्वारा भाग लेकर कार्यक्रम सफल बनाया एवं नवीन जिनालय के दर्शन भी किये.

## East Delhi Unit: 05.02.2026

दिनांक 07 जनवरी 2026 दिन बुधवार को बैंकर्स फोरम पूर्वी दिल्ली शाखा की एक बैठक श्री अतुल जैन जी के निवास डी-244, विवेक विहार पर आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता फोरम के केंद्रीय अध्यक्ष श्री जे.के.जैन जी ने की। बैठक का प्रारंभ महामंत्र नवकार की दिव्यध्वनि के साथ किया गया। श्री प्रदीप कुमार जैन ,सचिव महोदय ने पूर्व में हुई बैठक की कार्यवाही की जानकारी दी। पूर्वी दिल्ली शाखा के चुनाव का प्रसंग सभी सदस्यों ने उठाया और उपस्थित सदस्यों के मध्य चुनाव की प्रक्रिया श्री जे.के.जैन जी की उपस्थिति में सम्पन्न कराई गई जिसमें निम्न सदस्यों को निर्विरोध चुना गया।

श्री प्रवीण कुमार जैन ....संरक्षक

श्री प्रदीप कुमार जैन........अध्यक्ष

श्री अतुल जैन............उपाध्यक्ष

श्रीअशोककुमारजैन.. ..महासचिव

श्री प्रवीण जैन( मयूर विहार)..सह सचिव

श्री जिनेश कुमार जैन...कोषाध्यक्ष

श्री साहिल जैन... संगठन मंत्री

उपरोक्त की सभी उपस्थित सदस्यों ने अनुमोदना की।श्री अतुल जैन जी ने सभी के लिए सुरुचिपूर्ण भोजन की व्यवस्था की जिसको सभी सदस्यों ने सराहा। अंत में श्री प्रवीण जैन संरक्षक महोदय एवं श्री अतुल जैन उपाध्यक्ष महोदय ने सभी का धन्यवाद किया। इसी के साथ बैठक का सुखद वातावरण में समापन किया गया.

## THA Ghaziabad Unit: 31.01.2026

आज दिनांक 31 जनवरी दिन शानीवर को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से एक धार्मिक यात्रा पर पहले तिजारा अतिशय क्षेत्र के दर्शन एवं वहां चमत्कारी एवं मनोहरी श्री चंद्र प्रभु भगवान की प्रतिमा के समक्ष सभी के द्वारा पूजा पाठ किया गया उसके उपरांत वहां से अलवर क्षेत्र में जहां गणनी आर्यका आर्षमती माताजी के दर्शन किए एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । इस अवसर पर आर्यका माता के समक्ष अलवर शाखा के सचिव श्री दीपक कुमार जैन जी एवं वहां के वरिष्ठ सदस्य श्री विमल कुमार जैन उन्हें माताजी के पावन सानिध्य में शीघ्र ही बैंकिंग संगोष्ठी या अन्य कोई विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जिस पर उन्होंने बताया कि हम एक या दो दिन में अपने सदस्यों से वार्ता करके इसके ऊपर फाइनल डिसीजन लेंगे ।इस धार्मिक यात्रा में शाखा संरक्षक श्री केवीएस जैन श्री जेके जैन शाखा अध्यक्ष

श्री विशाल चंद्र जैन शाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन ने सपरिवार सहभागिता की ।

## Agra Unit: 31.01.2026

हर्ष के साथ सूचित करना है कि दिनांक 29-01-26 गुरुवार को सुबह 12.30 बजे श्री रामलाल वृद्धाश्रम, आवास विकास कालोनी, आगरा पर जैन बैंकर्स फोरम, आगरा के तत्वावधान में वहां पर निवासित निराश्रित वृद्धजनों के लिए भोजन की व्यवस्था श्री राजीव जैन अध्यक्ष जैन बैंकर्स फोरम, आगरा द्वारा अपने अभिन्न मित्र स्व. श्री अभय कुमार की पुण्य स्मृति में की गई। इस पुनीत कार्य को सम्पन्न कराने में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अवनि कुमार जैन, श्री अवधेश कुमार जैन संयोजक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कमल कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री सत्येंद्र कुमार जैन, महामंत्री श्री महेश जैन, का. का. सदस्य श्री पारस चंद जैन एवं श्री संजय कुमार जैन ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस पुनीत कार्य के लिए श्री राजीव जैन को फोरम की ओर से बहुत बहुत साधुवाद।

## Bhopal Unit: 27.01.2026

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के द्वितीय निर्माण महोत्सव की याद में एवं नववर्ष सभी सदस्यों को मंगलमय हो इस भावना के साथ श्री 1008 वासपूज्य जिनालय बावड़िया कला भोपाल में दिनांक 26 जनवरी 2026 को शाम भक्तामर के 48 महाकाव्य के साथ 48 दीपक को से भगवान की महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें फोरम के सदस्यों की साथ समाज के सभी धर्म प्रेमी बंधुओ आकर धर्म लाभ लिया, पाठ के उपरांत सदस्यों ने भजन भी गाये.

## THA Ghaziabad Unit: 25.01.2026

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि *फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा* के द्वारा लिए गए संकल्प के अनुसार *हर माह किए जाने वाले णमोकार मंत्र एवं भक्तामर पाठ का प्रथम आयोजन* आज दिनांक 25 जनवरी 2026 को शाखा सचिव श्री सुखसागर जैन जी के निवास पर किया गया जिसमें शाखा के 14 सदस्य परिवारों ने भाग लिया। पाठ का शुभारंभ शाखा संरक्षक श्री केवीएस जैन श्री जेके जैन एवं शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन जी द्वारा दीप प्रवजलन के साथ किया गया। उसके बाद णमोकार मंत्र का पाठ एवं भक्तामर (संस्कृत) का पाठ सभी सदस्यों द्वारा बड़े सुंदर एवं मनमोहक रूप में किया गया। पाठ के उपरांत शाखा संगठन मंत्री अंकित जैन की धर्मपत्नी श्रीमती आशी जैन के द्वारा एक सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया शाखा सचिव श्री सुखसागर जैन की पत्नी श्रीमती पूनम जैन जी के द्वारा भी एक सुंदर भजन की प्रस्तुति दी गई एवं शाखा उपाध्यक्ष श्री संजय जैन जी द्वारा भी एक सुंदर भजन की प्रस्तुति की। अंत में सामूहिक आरती के साथ सभा का समापन किया गया। आयोजित शाखा सचिव श्री सुखसागर जैन परिवार के द्वारा सभी को सुंदर स्वल्पाहार कराया गया। शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन जी द्वारा सभी भाग लेने वाले सदस्यों एवं सुंदर आयोजन के लिए आयोजक का धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।

## Bhopal Unit: 25.01.2026

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा, आज सुबह कडक ठंड में 11 मील के जैन मंदिर के दर्शन करने का सौभाग्य मिला और मंदिर जी के पुजारी माली और चौकीदार को जैन बैंकर्स फोरम के सौजन्य से श्री टी सी जैन द्वारा कंबल वितरण किये. आज के आनंद की जय.

## Agra Unit: 23.01.2026

जैन बैंकर्स फोरम, आगरा के तत्वावधान में फोरम के संरक्षक एवं पूर्व महामंत्री श्री जे. बी. जैन एवं उनके परिवारीजनों द्वारा अपनी पत्नी की पुण्य तिथि के अवसर पर श्री रामलाल वृद्धाश्रम, सिकंदरा, आगरा में दिनांक 18-01-26 रविवार को निर्वासित निराश्रित वृद्धजनों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गयी। फोरम श्री जे बी जैन साहब को इस पुनीत कार्य के लिए ह्रदय से साधुवाद देते हुए भक्तिभाव से अनुमोदना करता है।

## THA Ghaziabad Unit: 20.01.2026

हर्ष के साथ सूचित है कि *आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज की सुशिष्या आर्यिका सुज्ञानमती माता जी एवं आर्यिका दयामती माता जी का प्रथम दीक्षा दिवस* कार्यक्रम आज 20 जनवरी 2026 को विवान बैनक्वट हॉल, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

✅जैन बैंकर फोरम के सदस्यों श्री जे.के. जैन संरक्षक, श्री के.वी.एस जैन संरक्षक, श्री बी.एस. जैन, श्री श्रेयांश कुमार जैन, श्री विशाल चंद जैन, श्री सुखसागर जैन, श्री वीरेन्द्र जैन, श्री शशि जैन, श्री विकास जैन ने कार्यक्रम में सहभागिता की। श्रीमती के.वी.एस.जैन एवं श्रीमती बी.एस.जैन भी कार्यक्रम में शामिल हुई एवं *पूजा का अर्घ-अक्षत के दो थाल सजाकर* साथ लेकर आयीं। सभी ने बड़े भक्ति भाव से *आचार्य श्री के चित्र के समक्ष पूजन किया एवं अक्षत अर्घ समर्पित किया*।

✅माता जी ने अपने प्रवचन में जैन बैंकर के सदस्यों द्वारा आचार्य श्री की भावनाओं के अनुरूप कार्य करते रहने की प्रशंसा की एवं सभी को आशीर्वाद दिया।

## THA Ghaziabad Unit: 20.01.2026

हर्ष के साथ सूचित है कि श्री 1008 आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में *अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा* की ओर से दिनांक 18 जनवरी 2026 को सायंकाल 6:30 बजे बच्चों के मध्य *श्री 1008 आदिनाथ भगवान के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता* का आयोजन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नीति खंड-1 इंदिरापुरम में किया गया।

✅*भाषण प्रतियोगिता दो वर्गों में की गई*:

👉08 वर्ष से 10 वर्ष

👉11 वर्ष से 16 वर्ष

✅कार्यक्रम में 44 बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में 20 बच्चे शामिल हुए।

✅कार्यक्रम की शुरुआत श्री आदिनाथ भगवान एवं आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन से हुई।

कु. वृति जैन के द्वारा मंगलाचरण एवं आशिका जैन व ख्याति जैन (दोनों पुत्री श्रीमती रिचा जैन- फोरम सदस्या) के द्वारा भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्री नवीन कुमार जैन,अध्यक्ष श्री दिगम्बर जैन मन्दिर अहिंसा खंड-2 एवं श्री मनोज जैन-वैशाली व श्री दिनेश जैन- ATS इंदिरापुरम (दोनों भाषण प्रतियोगिता के जज) का माला और पटका पहनाकर सम्मान किया गया।

✅समाज के बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी बच्चों की तैयारी एवं उदबोधन बहुत ही सुन्दर और उत्साह देखते ही बनता था।

✅भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी के सभी बच्चों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के पुरस्कार प्रायोजक श्री अमन जैन एवं श्रीमती रिचा जैन (SBI) परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। श्री जे.के.जैन, संरक्षक के द्वारा बच्चों को फ्रूटी एवं स्नैक्स के पैकेट दियें गयें।

✅*कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री जे.के.जैन संरक्षक, सुखसागर जैन, श्रेयांश कुमार जैन, शशि जैन, वीरेन्द्र जैन, बी.एस. जैन, अंकित जैन, शांति प्रसाद जैन, रिचा जैन, अभीक जैन, विकास जैन का विशेष सहयोग रहा।*

✅सभी बच्चों के अभिभावकों ने कार्यक्रम की बहुत सराहना की एवं आयोजकों को धन्यवाद दिया।

## Jaipur Central Unit: 20.01.2026

हमें यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के अध्यक्ष श्री बाबू लाल जैन बिलाला, उपरोक्त तीर्थ क्षेत्र की प्रबंध समीति में उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है। उपरोक्त तीर्थ क्षेत्र पर 24 तीर्थंकरो के 24 समोशरण विशाल जिन मंदिर (40,000 वर्गफुट)एक ही छत के नीचें विद्यमान है और इन 24 समोशरण मंदिर का निर्माण आचार्य 108 ज्ञानसागर जी महाराज की प्रेरणा से प.पू. क्षुल्लिका 105 पूजाभूषण व 105 भक्तिभूषण माताजी की देखरेख मे वर्ष 2015 से 2019 में हुआ था। इन 24 समोशरण में लगभग 1560 जिन बिम्ब विराजमान है। जिनका पंचकल्याणक दिसम्बर 2019- से जनवरी 2020 में आचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य मे किया गया था। उस समय भी श्री बाबूलाल जैन बिलाला

जी अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम "जयपुर " के अध्यक्ष थे व श्री 24 समोशरण जिन मंदिर सोनागिर जी के उपाध्यक्ष के साथ-साथ राजस्थान प्रांत के प्रभारी संयोजक थे और पंचकल्याणक महोत्सव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अब वहीं पर तीस चौबीसी (720 प्रतिमा) का नवनिर्मित जिनबिम्ब का पंचकल्याणक 04 मई 2026 से 09 मई 2026 तक आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में प्रस्तावित है। इस पंचकल्याणक महोत्सव में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट एक सहयोगी संस्था के रूप में कार्यकरेगी । जिसका विस्तृत विवरण अलग से भेजा जावेगा। इसी क्रम में हमारी जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के अध्यक्ष श्रीबाबूलाल जैन बिलाला ने 17/01/2026 को आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के दिन सोनागिर में पंचकल्याणक व्यवस्था की देखरेख हेतु दौरा किया तथा निर्माण कार्य व अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही प.पू. 105 पूजाभूषण व भक्तिभूषण माताजी के सानिध्य में शांतिधारा देख कर सभी धर्मावलम्बियों से उक्त पंचकल्याणक में एवम तीर्थ क्षेत्र में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। जिसका प्रसारण जिनवाणी टीवी चैनल पर 19/01/2026 को प्रातः 06:10 पर किया गया है।

## Jaipur Central Unit: 18.01.2026

कल दिनांक 17/01/2026 माघ कृष्णा चतुर्दशी को आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट द्वारा भक्तामर पाठ का सामूहिक जाप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भक्तामर पाठ के कार्यक्रम में महिला-पुरुष सहित 11 जैन बैंकर्स सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत श्री महावीर प्रसाद जी जैन वरिष्ठ सदस्य ने की । बाद में श्रीमति स्नेह लता जी जैन ICICI बैंक व वरिष्ठ सदस्य तथा बाद में शेष सदस्यों ने भी बारी-बारी भक्तामर से अपने क्रम अनुसार पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में श्री कमलेश जैन पाण्ड्या वरिष्ठ सदस्य ने भक्तामर पाठ पूरा किया। कार्यक्रम का समापन श्रीआनंद प्रकाश जैन संयुक्त सचिव ने किया। कार्यक्रम में श्री महावीर प्रसाद जैन काला SBI ने सपरिवार भाग लिया। इसी क्रम में आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष मे 24 समोशरण जिन मंदिर सोनागिर जी में, भगवान आदिनाथ के समोशरण में विराजमान आदिनाथ भगवान की शांतिधारा, प.पू क्षुल्लिका 105 पूजाभूषण माताजी के सानिध्य में व उनके मुखारविंद से बोलकर कर की गई। साथ ही माताजी का आशिर्वाद प्राप्त किया।

## Agra Unit: 17.01.2026

आज दिनांक 17.01.2026 दिन शनिवार को प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के शुभ अवसर पर 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पुष्प विहार, आगरा पर भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अवनि कुमार जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कमल कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री सत्येंद्र कुमार जैन, संयोजक श्री अवधेश कुमार जैन, संयोजक श्री अनिल कुमार जैन, श्रीमती मधु जैन, महामंत्री महेश जैन, श्रीमती नीलम जैन, श्रीमति पुष्पलता जैन एवं श्री दीपेश जैन आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने भक्तामर के 48 स्तोत्र का दीप प्रज्ज्वलित करते हुए भक्तिभाव से पाठ किया । इसके पश्चात आरती करते हुए समापन किया। फोरम के संयोजक श्री अनिल कुमार जैन ने अपने निवास पर सभी सदस्यों को स्वल्पाहार कराया।

## Jhansi Unit: 17.01.2026

आज 1008 भगवान आदिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक के पावन उपलक्ष्य में जैन बैंकर फोरम, झांसी यूनिट के अध्यक्ष श्री विजय जैन जी (PNB) के पुण्यार्जक की ओर से करगुआ जी स्थित आदिनाथ जैन मंदिर में 48 दीपों के साथ भक्ताम्बर पाठ का भव्य एवं श्रद्धामय आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर उपस्थित समस्त श्रावक-श्राविकाओं ने धर्मलाभ अर्जित किया।

## Jaipur Central Unit: 16.01.2026

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट की मीटिंग दिनांक 12/01/2026 के निर्णय अनुसार दिनांक 13/01/2026 को पोंगल, मकर संक्रांति व लोहडी पर दुर्गापुरा गौशाला मे गायों को हरा चारा, केले ,गुड, व बंटा खिलाया गया। कार्यक्रम में 8 जैन बैंकर्स व 4 परिवार के सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन श्री आनंद प्रकाश जैन संयुक्त सचिव व श्री सुशील कुमार जैन कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया। तथा केले की व्यवस्था

श्री जी एल जैन महासचिव ने की। श्री प्रदीप जैन व श्री महावीर प्रसाद जैन काला ने सहयोगी के रूप मे सेवाये दी। कार्यक्रम में बडो से लेकर छोटे बच्चों तक ने एंजॉय किया। इसके साथ ही वहां-वहां नर्सरी का भी अवलोकन किया। तथा पर्यावरण को बढावा देने हेतुश्री बाबूलालजैन बिलाला अध्यक्ष व अन्य साथियों ने मिट्टी से बने गमले व उपजाऊ मिट्टी तथा वर्मी कंपोस्ट की खरीद अपने निजी उपयोग हेतु की। अंत में श्री बाबूलाल जैन बिलाला अध्यक्ष ने सभी को साधुवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया।

## Ghaziabad Unit: 14.01.2026

We feel pleasure to inform you that our unit four more eye cataract surgery donation was given by our unit during month of December 25. Total donation for seven surgery was given by our unit to Jiwan asha hospital Muradnagar @ Rs.5100/- each Rs 36500/- by our following members :-

1. Mrs. Isha Jain 11000/-, 2. Sh.Shiv Kumar Jain 5100/- 3. Ashok Kumar Jain 5100/- 4. Annatmati Jain 5100/- 5. Rahul Jain 5100/- 6. Smt. Sangita Jain 5100/-. We are thankful to our members for this noble cause.

## Gurgaon Unit: 14.01.2026

खेकड़ा स्थित *अहिंसा ज्ञान स्थली (ज्ञान आरोग्यधाम)* में फोरम की सदस्य तथा संयुक्त सचिव *श्रीमती प्रभा रानी जैन* ने अपनी भावना भा कर *एक प्रकोष्ठ (रूम)* हेतु निर्धारित राशि *रुपए साढ़े तीन लाख* की घोषणा की थी। उसी के निरंतर क्रम में आज *एक लाख* रुपए और भेज कर अपनी कुल प्रेषित राशि रुपए *ढाई लाख* कर ली है। शेष राशि *एक लाख रुपए* तीसरी किस्त स्वरूप समय पर *प्रेषित* कर दी जायेगी। *पूरा गुड़गांव फोरम उनके इस आगम सम्मत कार्य की भूरी भरी प्रशंसा करता है और पावन तथा अनुकरणीय कार्य की अनुमोदना करता है।*

## Sagar Unit: 13.01.2026

आज दिनांक 11 जनवरी 2026 को मंगलगिरी क्षेत्र में श्री 1008 चंदाप्रभु चौबीसी जिनालय में अभिषेक शांतिधारा पूजन एवं चौबीसी विधान का आयोजन जैन बैंकर्स फोरम द्वारा किया गया जिसमें 30 बैंकर्स परिवार सम्मिलित हुए विधान के उपरांत भोजन का आयोजन भी किया गया एवं इस कार्यक्रम में भारतीय जैन संगठना की ओर से श्री राजेंद्र जैन निवासी सागर द्वारा मंदिर की पुजारियों, चौकीदारों एवं मालियों को स्वेटर का वितरण किया गया इसके पश्चात जैन बैंकर्स फोरम के तत्वाधान में सागर की नई इकाई का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश सिंघई (CBI) द्वारा किया गया कार्यक्रम में शपथ ग्रहण सीनियर वकील श्रीमती रश्मि रितु द्वारा कराई गई है जो मध्य प्रदेश मध्य बार एसोसिएशन की को चेयरपर्सन एवं सागर जैन पंचायत की उपाध्यक्ष है इस बैठक में मंगलगिरी क्षेत्र के अध्यक्ष श्री जयकुमार जैन एवं उपाध्यक्ष श्री सुरेश सांधेलिया उपस्थित थे इसमें निम्नलिखित लोगों ने शपथ ग्रहण की अध्यक्ष श्री यशवंत जैन(SBI), सचिव श्री अजित कुमार जैन(SBI), कोषाध्यक्ष श्री राकेश कुमार जैन सतभैया(SBI), उपाध्यक्ष श्री महेंद्र कुमार जैन(UBI) एवं श्री ऋषभ कुमार जैन(MPGB) ,सह सचिव श्रीमती सिल्की जैन(BOB),श्री राकेश कुमार जैन (SBI), सु श्री प्रतिभा जैन (BOI) संगठन मंत्री श्री मुन्नालाल जैन(SBI), उपेन्द्र जैन(SBI), प्रचार मंत्री श्री श्री देवेश जैन(UCO), सह कोषाध्यक्ष श्री अरुण सिंघई(SBI) ने शपथ ली अंत में श्री अजित कुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में और भी कई रचनात्मक कार्य किए जाने का सुझाव दिया कार्यक्रम में श्री वीरेंद्र प्रधान(SBI), श्री एम एल जैन(LDB),श्री शांति कुमार जी जैन(MPGB), श्री पी के जैन(MPGB), श्री एल सी जैन (SBI), एम एल जैन (SBI) उपस्थित थे।

## Ghaziabad Unit: 10.01.2026

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता होती है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम गाजियाबाद शाखा द्वारा दिनांक 10.1.26 दिन शनिवार को प्रात 8.00 बजे नासिरपुर रेलवे क्रासिंग गाजियाबाद पर दैनिक मजदूरों को ऊनी एवं सूती कपड़े का वितरण किया गया। तथा चाय एवं नाश्ते की भी व्यवस्था करी गई। इस सर्द मौसम में लगभग

200 मजदूरों लाभान्वित हुए। हम इस आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हैं तथा भविष्य में इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

## Jaipur Central Unit: 08.01.2026

जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट द्वारा 07/01/2026 को रात्री 9:00 से 9:55 बजे तक धार्मिक चौपाल का आयोजन गूगल मीट पर किया गया। जिसमें महिला-पुरुष सहित 10 जैन बैंकर्स सदस्यों ने भाग लिया। धार्मिक चौपाल की शुरुआत श्री बाबू लाल जैन बिलाला अध्यक्ष ने 9 बार णमोकार महामंत्र बोलकर की। उसके पश्चात बारी बारी से सभी बैंकर्स सदस्यों ने 9-9 बार णमोकार मंत्र बोलकर कार्यक्रम का प्रथम चरम रात्री 9:30 बजे तक पूरा किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में श्री महावीर प्रसाद जैन AGM वरिष्ठ सदस्य ने "ऊंम् नमः सिध्दैभ्य "के आधार पर अनुलोम-विलोम की क्लास ले कर अभ्यास करवाया। जो सभी ने बहुत उत्साह से एंजॉय किया। इसके बाद कार्यक्रम के त्रतीय चरण में सभी सदस्य का मत रहा कि जैन भजनों के कार्यक्रम को बंद नहीं किया जावे। अतः भजनों की शुरूआत श्री नरेन्द्र जी जैन SBI ने की। इसके बाद श्रीमति स्नेह लता जी जैन ICICI BANK ने व श्री आनंद प्रकाश जैन संयुक्त सचिव, श्री जी एल जैन महासचिव तथा श्री सुशील कुमार जैन कोषाध्यक्ष ने भी जैन भजन सुनाए । अंत में श्री कमलेश जैन पाण्ड्या ने बहुत ही मधुर आवाज में णमोकार महामंत्र सुनाये। कार्यक्रम के अंत में श्री बाबूलाल जैन बिलाला अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन व तकनीकीय सहयोग श्री कमलेश पाण्ड्या वरिष्ठ सदस्य ने दिया।

## Jhansi Unit: 07.01.2026

आज जैन बैंकर फोरम के अध्यक्ष श्री विजय जैन जी (PNB) द्वारा पपोराजी जैन मंदिर, पपोराजी (जिला टीकमगढ़, म.प्र.) में दो व्हीलचेयर दान की गईं। इस मानव सेवा एवं धर्म लाभ के कार्य हेतु श्री विजय जैन जी की बहुत-बहुत अनुमोदना.

## Lalitpur Unit: 05.01.2026

जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट के तत्वावधान में दिनांक 04 जनवरी 2026, रविवार को अतिशय क्षेत्र नवागढ़ स्थित गुरुकुल में सेवा भाव से प्रेरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल में अध्ययनरत बच्चों को स्वेटर एवं अन्य गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में श्री वीर चंद जैन, महामंत्री नवागढ़ क्षेत्र द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री सनत कुमार जैन खजुरिया (निर्देशक), श्री विजय कुमार जैन (अध्यक्ष), श्री राज कुमार जैन (मंत्री), श्री गौरव जैन (कोषाध्यक्ष) उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त श्री अशोक कुमार जैन, श्री सुरेंद्र सिंघई, श्री सर्वज्ञ जैन, श्री मयंक जैन, श्री प्रतीक जैन, श्री संतोष जैन एवं श्रीमती शशिवाला जैन सहित जैन बैंकर्स फोरम के अनेक सदस्य तथा गुरुकुल के सभी आचार्यगण एवं स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जैन बैंकर्स फोरम के पदाधिकारियों ने बच्चों को स्वेटर एवं मौजे प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति करना समाज का दायित्व है। इसके साथ ही क्षेत्र के अन्य जरूरत मंद लोगों को गरम वस्त्र प्रदान किए गए ।इस अवसर पर गुरुकुल प्रबंधन ने जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सेवा कार्यों की सराहना की।

## THA Ghaziabad Unit: 04.01.2026

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से दिनांक 4 जनवरी 2026 दिन रविवार को दोपहर 12:00 बजे गर्म एवं पार्टी वियर कपड़े श्री दिगम्बर जैन महिला आश्रम दरियागंज दिल्ली में वितरित किए गये। इस अवसर पर सभी बच्चों, महिलाओं एवं आश्रम में कार्यरत कर्मचारियों को फल/ मिष्ठान भी वितरित किए गये। यह कपड़े एवं फल हमारी शाखा के संरक्षक श्री जितेंद्र कुमार जैन जी एवं मिष्ठान्न श्री संजय जैन जी परिवार के सौजन्य से वितरित किए गये।

2. महिला आश्रम के प्रबंधकों ने इस पुनीत कार्य के लिए जैन बैंकर सदस्यों का धन्यवाद दिया। फोरम के संरक्षक श्री जे.के.जैन जी ने आगे भी इस प्रकार की आवश्यकता पूर्ति हेतु आश्वासन दिया।

3. इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये श्री के.वी.एस.जैन, श्री विशाल चन्द जैन, श्री श्रेयांस जैन, श्री सुख सागर जैन, श्री संजय जैन जी एवं श्रीमती नेहा जैन आदि ने परिवार के साथ सहभागिता की ।

## Jhansi Unit: 03.01.2026

आज दिनांक 03 जनवरी को रानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में हमारे जैन बैंकर फोरम के अध्यक्ष श्री विजय जैन जी (PNB) द्वारा जनता रसोई के माध्यम से भर्ती मरीजों को शाम का भोजन, फल एवं मिठान्न का वितरण कराया गया। इस सेवा कार्य के लिए श्री विजय जैन जी की बहुत-बहुत अनुमोदना.

## Jaipur Central Unit: 02.01.2026

जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट द्वारा 31-12-2025 को रात्री 9:00 बजे से 9:15 तक गूगल मीट पर 'योगा क्लास' में अनुलोम-विलोम का अभ्यास जैन मंत्र ऊं...नमः...सिद्धैभ्य ... के माध्यम से करवाया गया। जिसमें 12 जैन बैंकर्स ने भाग लिया। सभी जैन बैंकर्स ने यह जानकर बड़ी प्रसन्नता जाहिर की कि जैन धर्म के मंत्रो में पूर्ण आध्यात्मिकता के साथ-साथ योग-साधना भी छिपी हुई है। अगर आवश्यकता है तो केवल उसको समझने की व जीवन में उतारने की। अगर गहराई में जाकर इनका अध्ययन कर मनन करे तो सारा सार जैन मंत्रों में ही निहित है। कार्यक्रम का संचालन श्री महावीर प्रसाद जैन, वरिष्ठ सदस्य व जैन बैंकर ने किया। श्री महावीर प्रसाद जी जैन को जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट की ओर से बहुत-बहुत साधुवाद। योगा क्लास के बाद णमोकार महामंत्र का जाप किया गया जिसमें सभी 12 सदस्य ने भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में श्री बाबूलाल जैन बिलाला, श्री आनंद प्रकाश जैन संयुक्त सचिव, श्री सुशील कुमार जैन कोषाध्यक्ष, ने भी मनमोहक भजन सुनाए। रात्री 10:00 बजे कार्यक्रम का समापन किया गया। उपस्थित सभी सदस्यो ने नव वर्ष ईस्वी सन् 2026 में विश्व मे सभी कार्य समंगल सिद्ध व संपन्न होने की मंगल कामना की। व आपस में एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाए दी।

## THA Ghaziabad Unit: 01.01.2026

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि नव वर्ष की पूर्व संध्या 31 दिसंबर 2025 की रात्रि में बाहुबली एनक्लेव दिल्ली में *आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की सुशिष्या आर्यिका सुज्ञानमती माताजी एवं दयामती माताजी के पावन सानिध्य में *48 दीप महाअर्चना भक्तामर पाठ* बहुत ही भव्य रूप में आयोजित किया गया। जिसमें अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों के द्वारा भी सहभागिता की गई । बाहुबली एन्क्लेव मंदिर कमेटी के द्वारा सहभागिता करने वाले सभी सदस्यों का माला पटका एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया एवं शाखा सदस्यों को दीप समर्पित करने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया । इस अवसर पर शाखा सदस्यों को आर्यिका माता जी का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ । इस कार्यक्रम में शाखा संरक्षक श्री जे के जैन, शाखा वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, शाखा सदस्य श्री बी एस जैन, श्री विकास जैन एवं श्री श्यामलाल जैन ने अपनी सहभागिता दी।

## Bhopal Unit: 01.01.2026

नववर्ष के उपलक्ष में संस्कार उपवन, बावड़ियां कलां मंदिर में कंबल वितरण श्री ए पी जैन, श्री आनंद सर्राफ द्वारा किया गया.

## Agra Unit: 30.12.2025

Our Jain Bankers Forum's sanrakshak Sh. J. B. Jain ji (CBI) has donated a sum of Rs. 2500/- on 23.12.25 to Ram Lal Vriddhashram & Gaushala for the welfare of cows at the ashram. We appreciate his kind benevolence and wish him a very happy & healthy life ahead.

## Saharanpur Unit: 30.12.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, यूनिट सहारनपुर के सेवा कार्यक्रम की श्रृंखला में 29.12.2025 दिन सोमवार को दया सिंधु जीव रक्षा केन्द्र, चिलकाना रोड , लॉर्ड महावीरा स्कूल के निकट प्रातः 9:15 बजे कबूतरों को दाना खिलाया। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे : अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन, मंत्री श्री सुधीर कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गॉडन), हमारे संरक्षक श्री राजीव जैन ( राम जीवन नगर) , श्रीप्रवीण कुमार जैन,श्री राजीव जैन ( मदन पुरी), श्रीअनुज जैन ( पारस पैलेस) ।

## THA Ghaziabad Unit: 30.12.2025

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नीति खंड इन्दिरापुरम में आचार्य सौभाग्य सागर जी महाराज के सानिध्य में चल रहे 24 मंडलीय त्रिदिवसीय समोशरण विधान के अन्तिम दिन रविवार को जैन बैंकर फोरम (THA शाखा) के सदस्यों ने आचार्य श्री के दर्शन किये। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार जैन एवं अन्य सदस्यों ने पार्श्वनाथ भगवान के चित्र का अनावरण किया। *इस विधान में श्री सुख सागर जैन, मंत्री THA शाखा को चक्रवर्ती इन्द्र बनकर विधान में बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में श्री जितेन्द्र कुमार जैन, श्री श्रेयांश जैन, श्री अंकुर जैन, श्री ब्रह्म श्रमण जैन, श्री वीरेन्द्र कुमार जैन, श्री अभीक जैन, श्री शान्ति प्रसाद जैन, श्री सुख सागर जैन, श्रीमती अनीता जैन उपस्थित थे। सभी का इन्दिरापुरम जैन समाज द्वारा तिलक एवं पटका पहनाकर स्वागत/ सम्मान किया गया।

## Saharanpur Unit: 29.12.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, यूनिट सहारनपुर के सेवा कार्यक्रम की श्रृंखला में 28.12.2025 दिन रविवार को तुरियानंद गौशाला, चिलकाना रोड मंडी समिति गेट के सामने  प्रातः 9:30 बजे गायों को हरा चारा, चोकर, गुड खिलाया गया। इस कार्यक्रम में  उपस्थित रहे : अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, मंत्री सुधीर कुमार जैन, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गॉडन), हमारे संरक्षक राजीव जैन ( राम जीवन नगर) , प्रवीण कुमार जैन, राजीव जैन ( मदन पुरी), सिदार्थ जैन, अनुज जैन ( पारस पैलेस) ।

## Jaipur Central Unit: 28.12.2025

दिनांक 20/11/2025 की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार आज दिनांक 28/12/2025 को झूलेलाल चौक, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर जयपुर में असहाय, गरीब, वजदूर पुरूष-महिलाओं  के लिए सर्दी के मौसम अनुसार गर्म वस्त्रों का निशुल्क वितरण हेतु दोपहर 12:30 बजे कार्यक्रम रखा गया। जिसमें यूनिट के श्री जी एल जैन महासचिव, श्री सुशील कुमार जैन कोषाध्यक्ष, श्री बाबूलालजैन बिलाला अध्यक्ष, श्री कमलेश जैन पाण्ड्या वरिष्ठ सदस्य, श्री बसंत जैन, वरिष्ठ सदस्य व प्रमुख समाज सेवी एवम् श्री मूल चंद जैन  मंत्री श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर चित्रकूट कॉलोनी, सांगानेर उपस्थित हुए। साथ ही नगर निगम ग्रेटर ,जयपुर के कर्मचारी (रेनबसेरा,नगर-निगम, द्वारा संचालित) भी सम्मिलित हुए। उपरोक्त सभी सदस्यों ने नये- पुराने कुल 173 वस्त्र ला कर वस्त्र वितरण कार्यक्रम में सहयोग दिया। श्री मूल चंद जी जैन जो श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर चित्रकूट कॉलोनी के मंत्री हैं ने भी हमें पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए नये-पुराने 72 वस्त्र इकट्ठे किये जिसमें अधिकांश नये वस्त्र ही थे। सभी सदस्यों ने वस्त्र वितरण अपने हाथों से किए। लेने वाले महिलाए, पुरूष व बच्चे बहुत खुश थे क्यों कि अधिकांश वस्त्र नये ही थे जो किसी शादी समारोह में भी पहनने लायक थे। कार्यक्रम के पश्चात श्रीबाबूलाल जैन बिलाला अध्यक्ष ने  सभी का आभार प्रकट किया विशेष रूप से श्री मूल चंद जी जैन का जिन्होने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण मदद की। कार्यक्रम की व्यवस्था श्री कमलेश जैन पाण्ड्या व श्री जी एल जैन महासचिव  ने की।

## Gurgaon Unit: 27.12.2025

*परोपकार* के दृष्टिगत आज *सोमवार दिनांक 22/12/2025* को विगत वर्षो की भांति *दृष्टिहीन स्कूल बहरामपुर* में छात्रों को भोजन कराया गया।जिसमें फोरम के 20 सदस्यों ने भाग लिया। जिन्होंने स्कूल को रु.29,200/- दान स्वरूप दिए। उसके पश्चात  *फोरम के उपस्थित  सभी सदस्यों ने सपरिवार  बिकानेर वाला ILD मॉल मे  भोजन किया* *उक्त समस्त परोपकारी आयोजन का प्रायोजन आदरणीय श्रीमती मंजू जैन और श्री सोम प्रकाश जी ने किया*

## Ghaziabad Unit: 26.12.2025

आज दिनांक 25 दिसंबर 2025 ब्रहस्पति वार सुबह 11 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम गाजियाबाद शाखा की एक सभा जैन मंदिर कवि नगर के सभागार में आयोजित की गई। इस सभा में हमारे अनुरोध पर कवि नगर मन्दिर के अन्य संस्थाओं के अध्यक्ष एवं मंत्री ने भी हिस्सा लिया। भारतवर्षिय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष श्री जम्बू प्रसाद जैन, श्री जीवेन्द्द जैन अध्यक्ष हस्तिनापुर दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर,कवि नगर मन्दिर के अध्यक्ष श्री सुभाष जैन, मंत्री श्री प्रदीप जैन, औषधालय के अध्यक्ष श्री आशिष जैन मंत्री श्री आर.सी.जैन नल

वाले, पक्षी चिकित्सालय में  के अध्यक्ष श्री सुधीर जैन, मंत्री श्री डी.के.जैन, एस.एस.डी.पबलिक स्कूल के मंत्री श्री अजय जैन पत्रकार, श्री राजेन्द्र जैन इंजिनियर आदि ने हमारा आतिथ्य स्वीकार किया। सभा का आरंभ णमोकार मंत्र के उच्चारण एवं मंगलाचरण से हुआ। सेव प्रथम मंत्री श्री वी.के.जैन द्वारा फोरम के उद्देश्यों के बारे में सभी को अवगत कराया तथा शाखा द्वारा गत वर्ष में किये गये कार्यक्रमों के बारे में बताया, जिसकी पूरी सदन ने सराहना की विशेषरुप से कैरियर काउन्सिलीग, शिक्षा ऋण ,बैंकिंग संगोष्ठी इत्यादि। कार्यक्रम के दोरान बीच में हमारे द्वारा सभी अतिथियों का पटका पहना कर सम्मान किया गया। इसके बाद मंत्री द्वारा 24-25 का आय-य का लेखा जोखा रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके बाद शाखा द्वारा श्री आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर आयोजित प्रश्नोंतरि एवं निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण किये गये। प्रथम श्रीमती रीता जैन गांधी नगर। द्वितीय श्रीमती स्वर्ण लता जैन शास्त्री नगर। तृतीय श्री मती कमल जैन राम नगर एवं 5 सांत्वना पुरस्कार। आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज पर प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता। प्रथम श्रीमती स्वर्ण लता जैन शास्त्री नगर द्वितीय श्रीमती वीणा जैन कवि नगर। त्रितीय श्रीमती अनीता जैन शास्त्री नगर एवं 5 सांत्वना पुरस्कार। पुरस्कार वितरण श्री धर्मेन्द्र जैन, अमरेन्द्र जैन एवं श्रीमती सीमा जैन जी के सौजन्य से किये गये। सभी अतिथियों ने फोरम द्वारा किए गए कार्य की सराहना करी तथा भविष्य में और भी अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। श्री जम्बू प्रसाद जैन जी ने दिगम्बर जैन तीर्थों के लिए अधिक से अधिक तन मन धन से सहयोग करने का आवाहन किया। अन्त में अध्यक्ष श्री एस.के.जैन द्वारा सभी अतिथियों, प्रतियोगीयो एवं सदस्यों का धन्यवाद किया तथा जलपान गृहण करने का अनुरोध किया। सभा लगभग 12.50 पर समाप्त हुई।

## Lalitpur Unit: 23.12.2025

दिनांक 23/12/ 25 को दि  जैन पंचायत समिति के तत्वधान में   अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट के सौजन्य से  तरैया क्लिनिक प्रांगण में आधुनिक मशीनों द्वारा विशाल  BMDजाँच एवं उपचार शिविर सम्पन्न किया गया।शिविर की अध्यक्षता दि. जैन समाज के अध्यक्ष डॉ अक्षय जैन टड़ैया ने एवं शिविर का संचालन दिग. जैन पंचायत के संयोजक   एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सनत जैन खजुरिया ने किया।शिविर में ऑस्टियोपोरोसिस विशेषज्ञ श्री पुष्कर तिवारी द्वारा मरीजों की जांच की है। डा.तिवारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि 30 वर्ष की उम्र के बाद मनुष्य के शरीर की हड्डियों में कमजोरी एवं घिसाव प्रारम्भ हो जाता है एवं टूटने के जोखिम के साथ साथ जोड़ो में दर्द प्रारंभ हो जाता है इसके बचाव के लिए संतुलित जीवन शैली के साथ तनाव रहित जीवन, धूम्रपान एवं नशा की आदतों से बचाव एवं कैल्शियम व विटामिन डी युक्त समुचित भोजन करने से हड्डियों की कमजोरी व घिसाव से बचा जा सकता है।उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद नियमित जांच एव उपचार आवश्यक है चिकित्सा जांच टीम में श्री जितेंद्र पंथ सहयोगी रहे। शिविर में लगभग 90 लोगों ने अपनी जांच कराकर उपचार लिया। शिविर को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष श्री विजय जैन,मंत्री, राजकुमार जैन सराफ , संरक्षक सनत जैन खजुरिया महिपाल जैन ,सुरेन्द्र सिंघई ,सर्वज्ञ सतभैया , केवल चंद जैन, रमेश कुमार जैन,गौरव जैन ,अशोक जैन, सौरभ जैन,अंकित जैन,निखलेश चौधरी,प्रकाश चंद जैनआदि का विशेष सहयोग रहा।

## Bhopal Unit: 21.12.2025

आज जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा, बावड़ियां कलां जैन मंदिर में बच्चों की पाठशाला में बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु स्वल्पाहार वितरण किया, प्रायोजक प्रभात रीता गोयल.

## THA Ghaziabad Unit: 16.12.2025

हर्ष के साथ सूचित है कि दिनांक 15 दिसंबर 2025 को *श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान एवं श्री 1008 चंद्रप्रभु भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक दिवस* पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से एक बस आचार्य श्री धर्म भूषण जी महाराज की जन्मस्थली अतिशय क्षेत्र करनावल ले जायी गयी। जिसमें जैन बैंकर फोरम के सदस्यों सहित समाज के लगभग 45 सदस्यों के द्वारा सहभागिता की गई।

2.यात्रा का प्रमुख उद्देश्य अतिशय क्षेत्र करनावल (जिला मेरठ), श्री जितेन्द्र कुमार जैन जी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पैतृक गांव भी है, में *लगभग ढाई सौ वर्ष प्राचीन अतिशयकारी श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा के दर्शन

एवं जैन समाज द्वारा आयोजित श्री जी की पालकी यात्रा* में शामिल होना था। करनावल जैन समाज कमेटी द्वारा जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार जैन जी द्वारा इस पुण्य अवसर पर पालकी यात्रा में बस ले जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया एवं *सभी सदस्यों का तिलक, माला, पटका एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत सम्मान किया गया।*

3.इससे पूर्व प्रातः 7.00 बजे वैशाली से चलकर तरुणसागरम तीर्थ के श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान मंदिर के दर्शन किए। वहाँ *शाखा सचिव श्री सुखसागर जैन को गुफा मंदिर में विराजित भव्य पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा का अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।*

4.सांयकाल वापसी में सभी यात्रियों को श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर अतिशय क्षेत्र बरनावा जी के भी दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। *ज्ञातव्य हो कि बरनावा अतिशय क्षेत्र हमारे आराध्य आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज की कर्म भूमि रही है।*

5.बस का आयोजन शाखा के संरक्षक श्री जितेन्द्र कुमार जैन जी परिवार के द्वारा किया गया एवं रास्ते की सभी प्रकार के नाश्ते/ चाय आदि की व्यवस्था भी उन्हीं की ओर से की गई।

6.जैन बैंकर फोरम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार जैन जी का यह यात्रा आयोजित करने पर हृदय से आभार व्यक्त करती है।

## THA Ghaziabad Unit: 14.12.2025

*दिनांक 14 दिसंबर 2025 दिन रविवार*

स्थान: तीर्थंकर महावीर जैन चैरिटेबल हॉस्पिटल, वसुंधरा

*जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा* के द्वारा आयोजित मेडिकल हेल्थ चैकअप कैंप बहुत ही शानदार रहा। जिसमें एक ही स्थान पर निम्न क्रॉनिक रोगों से सम्बंधी जाँच विशेषज्ञ डॉक्टर्स के द्वारा की गई एवं रोगों के निदान हेतू उपचार सुझाये गये:

✅ऑर्थोपेड़िक, बोन & ज्वॉइंटस

✅स्त्रीरोग एवं गर्भाशय कैंसर

✅न्यूरो/ तंत्रिका रोग

✅गैस्ट्रो / पाचन तंत्र

✅समान्य बीमारियां

*लगभग 85 लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।*

🙏*प्रमुख डॉक्टर्स* :

👉 *स्त्रीरोग & कैंसर*: Dr Saroj Rajan, MD (Obs & Gynae Onco) from AIIMS.

👉*न्यूरो स्पेशलिस्ट* डॉ अगम जैन, MD, DM (Neuro), G.B.Pant Hosp.

👉*हड्डी रोग विशेषज्ञ* *Dr. Ravi Kant*
MS (Ortho), Robotic Joint replacement & Trauma surgeon, Max Hospital

👉*पेट संबंधी बीमारी* Dr.Jai Prakash, MD (Gestro)

👉*समान्य रोग चिकित्सक* Dr. Monika Jain, MBBS, DIPGO *SBI Medical Officer*

1.कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं णमोकार महामंत्र के उच्चारण से की गई।

2.सभी डॉक्टर्स एवं टेक्निसयन टीम का चंदन तिलक, माला एवं पटका पहनाकर सम्मान किया गया।

3.जैन बैंकर फोरम के 22 सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया। श्री जितेन्द्र कुमार जैन (संरक्षक), श्री विशाल चंद जैन (अध्यक्ष), श्री सुख सागर जैन (सचिव) ने सभी डॉक्टर्स एवं उनकी टीम का निस्वार्थ भाव से प्रदान की गई सेवा के लिए अत्यंत प्रशंसा की एवं आभार व्यक्त किया।

4.कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन मन्दिर समिति एवं तीर्थंकर महावीर जैन चैरिटेबल हॉस्पिटल वसुंधरा के चेयरमैन श्री नवीन कुमार जैन, कृष्णा ज्वेलर्स गाजियाबाद के स्वामी श्री रजनीश जैन, डॉक्टर मुकुल जैन शालीमार गार्डन

भी उपस्थित रहें। उन्होंने बैंकर फोरम द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की एवं अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया।
5.सभी डॉक्टर्स एवं चिकित्सा सहयोगी स्टाफ को बैंकर फोरम के स्मृति चिन्ह एवं उपहार से सम्मानित किया गया। डॉक्टर सरोज राजन (Gyn-Onco) विशेष सहयोग के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र श्री जितेन्द्र कुमार जैन, संरक्षक द्वारा पढ़ा गया।
6.वसुन्धरा हॉस्पिटल के मैनेजर श्री सत्य प्रकाश शर्मा जी का सभी व्यवस्थायें सुचारू रूप से प्रदान करवाने में भरपूर सहयोग रहा।
7.बैंकर फोरम के अध्यक्ष श्री विशाल चन्द जैन ने कार्यक्रम की भरपूर सफलता के लिये सभी का आभार व्यक्त किया एवं भोजन के लिए आमंत्रित किया।

## Gurgaon Unit: 09.12.2025

दिनांक 06 दिसम्बर 25 को *दो दिवसीय* लाडनूं यात्रा पर यूनिट के *18 सदस्यों का दल* प्राचीन मंदिरों के दर्शन हेतु ट्रेन के माध्यम से प्रातः रवाना हुआ, वहां जानकारी प्राप्त हुई कि किसी *जैनी परिवार* को नींव खुदाई के दौरान एक *दरवाजा* दिखा, उसी खुदाई की निरंतरता के क्रम यह *मंदिर* प्रकट हुआ जिसे उस *श्रेष्ठी परिवार* ने समाज को समर्पित कर दिया तदनंतर *भूतल* पर समाज ने बेदी और भवन का निर्माण कराया जो कालांतर में *बड़े मंदिर* जी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उस बड़ा मंदिर स्थित भूगर्भ से प्राप्त *अद्भुत मंदिर जी* के सभी ने दर्शन किए। यह मंदिर अपने आप में *रहस्य* समेटे हुए सा लगा। *प्रभु श्री 1008 शान्ति नाथ भगवान* की प्रतिमा *अद्वितीय, मनमोहक और पुरातत्वता* युक्त लगी। प्रभु शांति नाथ भगवान की प्रतिमा *एक बार लखने* पर दृष्टि हटती नहीं थी। उसी मंदिर परिसर में स्थित एक दरवाजे पर *तीन पुराने ताले* पड़े थे, जानकारी मिली कि *दशकों* से यह ताला नहीं खुला है। मुनि श्री सुधा सागर जी *महाराज के जिज्ञासा* प्रकट करने पर भी समाज के लोगों ने *ताला खोल कर अंदर* जाने की अनुमति नहीं दी। *किंवदंती है कि कभी कुछ लोगों ने जिज्ञासा वश अंदर के रहस्य जानने का प्रयास किया और वो _कुछ_ कभी वापस नहीं आये।* *गजब की मिस्ट्री है।* वहां अन्य आकर्षक मंदिरों के दर्शन कर सभी *अभिभूत* हुए। वहां स्थित विशाल लाडनूं *विश्वभारती* का प्रांगण भी विजिट किया, वहां विराजित *माता जी का सभी ने आशीर्वाद प्राप्त* किया। रुकने ठहरने की सीमित मगर अच्छी व्यवस्था है। अगले दिन 7 दिसम्बर को रात 9.30 बजे दृश्यों को स्मृति में समेटे हुए यात्रा का *शुभ समापन* किया गया। यात्रा की *समस्त व्यवस्था* यथा टिकट बुकिंग, ठहरने की बुकिंग, अल्पाहार तथा भोजन की व्यवस्था को सुचारु बनाने में *यूनिट के संरक्षक श्री सोम प्रकाश जैन एवं फोरम के अध्यक्ष श्री राजेश जैन* का संपूर्ण सहयोग रहा जिससे हर सदस्य को यात्रा की *सुखद* अनुभूति हुई। उल्लेख करना चाहूंगा कि हमारे यूनिट की *सहसचिव श्रीमती प्रभा रानी जैन और उनके जीवन साथी श्री राकेश जैन की 40 वीं वैवाहिक वर्षगांठ* को भी ट्रेन में सेलिब्रेट किया। ये अनुभव भी एक *अद्भुत अनुभव* रहा। सभी लोगों ने बधाईयों से ट्रेन का माहौल आकर्षक रूप से परिवर्तित कर दिया।

## THA Ghaziabad Unit: 08.12.2025

शाखा की एक साधारण सभा दिनांक 7 दिसंबर 2025 दिन रविवार को श्री अंकित जैन जी के निवास सेक्टर 4 वैशाली पर आयोजित की गई है ।
*मीटिंग कार्यवाही:-*
A.सर्वप्रथम णमोकार महामंत्र के जाप एवं आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित करके सभा का शुभारम्भ किया गया।
B.सभी सदस्यों ने पारस्परिक परिचय किया एवं शाखा में शामिल नये सदस्य श्री रवि कुमार जैन (PNB) का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।
C.श्री अंकित जैन ने पिछली साधारण सभा एवं गत वर्ष के दौरान की गईं विभिन्न गतिविधियों से सदन को अवगत करवाया। सभी सदस्यों ने पिछली सभा में लिये गये निर्णयों की पुष्टि की एवं शाखा द्वारा किये जा रहे कार्यों का करतल ध्वनि से स्वागत किया।

D.केन्द्रीय समिति के द्वारा आयोजित वार्षिक साधारण सभा में *ट्रांस हिन्डन शाखा को सर्वश्रेष्ठ शाखा* घोषित किया गया। इस पर सभी सदस्य अत्यंत हर्षित हुये एवं केन्द्रीय समिति का आभार व्यक्त किया।
E.श्री जितेन्द्र कुमार जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष की देख-रेख में फोरम के संविधान के अनुसार शाखा के त्रवार्षिक चुनाव संपन्न करवाये गये।
*निम्न पदाधिकारी चुने गये:*
1.श्री जितेन्द्र कुमार जैन, संरक्षक
2.कृष्ण वीर सिंह जैन संरक्षक
3.विशाल चंद जैन, अध्यक्ष
4.अभिषेक जैन, कार्यकारी अध्यक्ष
5.श्रेयांश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष
6.संजय जैन, उपाध्यक्ष
7.सुख सागर जैन, सचिव
8.निर्मल कुमार जैन, कोषाध्यक्ष
9.अंकित जैन, संगठन मंत्री
10.प्रदीप जैन, संयुक्त सचिव
11.शशि जैन, संयुक्त सचिव
12.अंकुर जैन, प्रचार मंत्री
13.सृजन कुमार जैन, संयुक्त संगठन मंत्री
14.विमल कांत जैन, तकनीकी मंत्री
सभा में उपरोक्त निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त अन्य सदस्य श्री शांति प्रसाद जैन (ICICI), रवि जैन (पीएनबी), वीरेन्द्र कुमार जैन (BOI), विकास जैन (HDFC- DSA) उपस्थित थे।
F.श्री अंकित जैन, सचिव के द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत करके पदभार सौपा गया।
G.वर्ष 2025-26 में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। *दिनांक 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले मेडिकल कैम्प* की अपार सफलता के लिये सभी से सहयोग की अपील की गई।
H.श्री सुख सागर जैन, नवनिर्वाचित सचिव के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं सदन को आश्वासन दिलाया कि शाखा इसी प्रकार आचार्य श्री के द्वारा प्रदर्शित मार्ग पर चलते हुए प्रगति के नये आयाम स्थापित करेगी।
श्री सुख सागर जैन के द्वारा कुछ प्रस्तावित बिन्दु निम्न प्रकार है:-
👉शाखा सदस्यों के निवास पर प्रतिमाह णमोकार मंत्र जाप/ भक्तामर पाठ का आयोजन (सर्वसम्मति से पारित)
👉शाखा का वार्षिक कार्यकारी सत्र सितंबर-अगस्त के स्थान पर अप्रैल-मार्च करना (निर्णय लंबित- केन्द्रीय समिति के अनुरूप करना)
👉वार्षिक सदस्यता योगदान राशि Rs 100/- से बढ़ाकर Rs 500/- करना (निर्णय अगली बैठक के लिये लंबित)
I.अन्य कोई विषय शेष न होने पर अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन ने सभी का धन्यवाद दिया।
J.श्री अंकित जैन परिवार के द्वारा आयोजित स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया।

## Jaipur Central Unit: 07.12.2025

07/12/2025 रविवार को प्रातः 8:30 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट की ओर से आचार्य 108 सुंदर सागर महाराज व आचार्य 108 शशांक सागर जी महाराज ससंग 35 पीछी विराजमान, (SFS मानसरोवर जैन मंदिर में ) को श्रीफल भेंट कर दर्शन किये साथ ही जैन बैंकर्स फोरम के उद्धेश्य, व कार्य योजना से अवगत कराया।

## Muzaffarnagar Unit: 07.12.2025

आज  दिनांक 7.12.2025, दिन रविवार को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, मुजफ्फरनगर इकाई ने अखिल भारतीय विकलांग एवं अनाथ सेवा समिति, शुक्रताल, मोरना, मुजफ्फरनगर के बच्चों को आज  स्वयं दोपहर का भोजन वितरण करने के अलावा एक महीने का राशन (चीनी, दाले, चावल और आटा आदि) प्रदत्त किया।
*हमारे इकाई अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन, पीएनबी, सचिव, श्री वाई.के. जैन, पीएनबी और अन्य वरिष्ठ सदस्य श्री सुबोध कुमार जैन, एसबीआई, और श्री राकेश के. जैन, यूपीजीबी ने इस गतिविधि में भाग लिया*
हमारे निम्नलिखित सम्मानित सदस्यों ने इस गतिविधि में आर्थिकयोगदान प्रदान किया :-

1. श्री सुबोध कुमार जैन,SBI
2. श्री राजीव जैन,Can.Bank
3. प्रवीण कुमार जैन, PNB-
4. श्री वाई. के. जैन, PNB
5. श्री राकेश जैन - UPGB
6. कुलदीप जैन - PNB
7. सौरभ जैन BOM
8. Adish kr Jain PNB
9. S K Jain-PNB-Patel ngr

हम उपरोक्त सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए उनकी समाज के प्रति संवदेनशीलता की हृदय से सराहना करते हैं.

## Bhopal Unit: 04.12.2025

आज जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट के बैनर तले हमिदीया हॉस्पिटल भोपाल में मरीजों के परिजनों को भोजन वितरण किया।

## Jaipur Central Unit: 27.11.2025

अभी हाल ही में कीर्तीनगर जयपुर में प.पु.मुनी 108 आदित्य सागर जी महाराज के सानिध्य में पंचकल्याणक सम्पन्न हुआ।  पंचकल्याणक में हमारे जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के महासचिव श्री जी एल जैन  भी मुख्य इंद्रो की ओपन बोली में भाग लेकर ₹ 8,51,000/_ में यज्ञ नायक इंद्र बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। श्री जी एल जैन महासचिव जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट को ऐसा पुनीत सौभाग्य प्राप्त करने के लिए व धर्म के प्रति मुक्त हाथ से समर्पित होने पर बहुत-बहुत साधुवाद। इनके पुण्य की खूब-खूब अनुमोदना।

## Jaipur Central Unit: 26.11.2025

हमें यह सुचित करते हुए परम हर्ष हो रहा है कि हमारी यूनिट के महासचिव श्री जी एल जैन द्वारा अभी हाल ही में कीर्ति-नगर जैन मंदिर में पंचकल्याणक में एक सेमी-प्रेशियस स्टोन की पार्श्वनाथ भगवान की तथा एक पाषाण की नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा मंदिर जी में भेंट की। इस पुनीत कार्य के लिए श्री जी एल जैन महासचिव जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट को बहुत-बहुत साधुवाद।

## Jaipur Central Unit: 23.11.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट द्वारा जैन  साधु-संतों के आहार हेतु "श्रीएकलव्य आचार्य शशांक सागर सेवा ट्रस्ट" में दिनांक 17/11/2025 को आहार दान में ₹11,111/_ ट्रस्ट के खाते में जमा करवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## Saharanpur Unit: 23.11.2025

आज श्री अनुज जैन जी की शादी की वर्षगांठ के अवसर पर  श्री अनुज जैन जी ने मदन पुरी जैन मन्दिर में सदस्यों के साथ श्री जी का अभिषेक, शांति धारा एंव शांति विधान किया। इसके पश्चात उन्होंने पिंजरा पोल सोसाइटी गौशाला, गौशाला रोड़ पर सभी सदस्यों के साथ गायों को चारा, गुड, चोकर आदि खिलाया। सभी ने अनुज जैन जी व श्रीमती  पूनम जैन जी को विवाह की वर्षगांठ की बहुत बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के पश्चात अनुज जैन जी ने सभी को सूक्ष्म जलपान कराया।

## Ghaziabad Unit: 22.11.2025

We feel pleasure to inform you that today on 22.11.25 three cataract surgery done at Jiwan Asha Hospital Muradnagar on behalf of Akhil Bhartiya Jain bankers forum Ghaziabad unit. Donation amount for one surgery is Rs.5100/- . We have given consent for six surgeries on behalf of our unit. If any other member wants to donate for this noble cause, he may give his consent in the group.

## Bhopal Unit: 19.11.2025

दिनांक 16 दिसंबर को भोपाल यूनिट द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम किया गया , कार्यक्रम की मुख्य बाते निम्न है:-

*तीर्थयात्रा -* फोरम द्वारा कार्यक्रम भोपाल के निकट भगवान आदिनाथ के 500 वर्ष प्राचीन आदिनाथ अतिशय क्षेत्र कुराना जी में किया गया

श्री *भक्तांबर विधान*

कार्यक्रम का प्रारंभ अभिषेक, पूजन विधान से किया गया

*साधारण आम सभा* की गई

*शांति सभा*

विगत दिनों सदस्यों के सगे संबंधियों के निधन पर मौन धारण कर शांति पाठ किया

*भावना योग*

सदस्यों को 108 मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज द्वारा प्रवर्तित भावना योग भी एक्सपर्ट द्वारा कराया गया

*सीनियर सदस्यों* का सम्मान विगत वर्ष में 75 वर्ष पूर्ण हुए सदस्यों का सपरिवार विशेष मोमेंटो देकर किया गया

*बैंकिंग---* डिजिटल फ्रॉड, नॉमिनेशन, एवं बैंकिंग विषयों पर गहन परिचर्चा की गई

*बैंकिंग हेल्पलाइन* फोरम द्वारा चलित हेल्पलाइन पर चर्चा की गई, विभिन्न मंदिरों ने लगाए बैनर फट गए है उन्हें पुनः लगाने पर सहमति हुई

*पारितोषक वितरण*

विगत दिनों आयोजित ऑन लाइन भजन प्रतियोगिता महिलाओं को पुरस्कृत किया गया

*वृक्षारोपण मंदिर* प्रांगड़ में वृक्षारोपण किया गया

भजन प्रस्तुति सदस्यों ने भजन, काव्य पाठ संस्मरण भी सुनाए

अंत में सहभोज द्वारा यात्रा , बैठक का समापन किया गया

## Agra Unit: 17.11.2025

जैन बैंकर्स फोरम, आगरा द्वारा परम पूज्य आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज की पंचम समाधि दिवस पर दिनांक 16.11.2025 दिन रविवार को प्रातः 10 बजे श्री कल्कि गौशाला सेक्टर 1, आवास विकास कालोनी, आगरा पर गायों के लिए चारा-भूसा आदि की व्यवस्था जैन बैंकर्स फोरम, आगरा द्वारा की गई एवं उपस्थित सदस्यों ने अपने हाथों से उन्हें खिलाया। इस अवसर पर फोरम के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अवनि कुमार जैन, संयोजक श्री अवधेश जैन, अध्यक्ष श्री राजीव जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कमल कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री सत्येंद्र कुमार जैन, श्री सुरेंद्र जैन, मंत्री श्री महेश जैन, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती शिल्पी जैन व बच्चे भी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम को श्री एवं श्रीमती राजीव जैन अध्यक्ष जैन बैंकर्स फोरम के आर्थिक सहयोग से आयोजित किया गया। फोरम उनकी सहृदयता के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

## Gurgaon Unit: 17.11.2025

परम पूज्य *सरकोद्धारक* समाधिस्थ *षष्ठम* पट्टाधीश आचार्य श्री 108 *ज्ञान सागर जी* मुनिराज की प्रेरणा और आशीर्वाद से *आचार्य ज्ञान सागर अखिल भारतीय जैन छात्रा छात्राएं* प्रतिभा सम्मान समारोह दिनांक 16 नवम्बर 25 को *आचार्य श्री के समाधि दिवस पर पूज्य आर्यिका आर्षमती माता जी* के सानिध्य में *आदिनाथ पुरम, रानीला जी* हरियाणा में संपन्न हुआ। *जिसमें फोरम के 34 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।* गुड़गांव

फोरम के सदस्यों की एक बस *16 नवंबर 2025* को रानीला के लिए इस *प्रेरक कार्यक्रम* में भाग लेने के लिए पहुंची थी। यह कार्यक्रम *जैन प्रतिभाओं* को सम्मान देने वाला तथा सभी को *प्रेरित करने वाला* एक *भव्य* आयोजन था, जिसे सभी सदस्यों ने *आत्मसात* किया तथा *मंगलकारी* बताया। इस अवसर पर *आर्यिका आर्ष मति माताजी का पीछी परिवर्तन* का भी कार्यक्रम हुआ

## Jaipur Unit: 17.11.2025

*आचार्य ज्ञान सागर जी महा मुनिराज* *षष्ठम समाधि दिवस* *जैन बैंकर्स जयपुर द्वारा विनयांजलि सभा का आयोजन*

दिनांक 15/11/2025 को आचार्य ज्ञान सागर जी मुनिराज (छाणी) के पंचम समाधि वर्ष के अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम द्वारा महावीर नगर जैन मंदिर सभागार में एक विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में काफी संख्या में जैन बैंकर्स सहभागी थे। आचार्य श्री का राजस्थान से विशेष लगाव था। उनके संयम की शुरुआत 1974 में अजमेर के पास वीरग्राम में ब्रह्मचर्य - दीक्षा प्राप्ति के साथ हुई एवं बारां (राजस्थान) में चातुर्मास के दौरान 15/11/2020 को समाधि मरण, जीवन के अंतिम सत्य से साक्षात्कार हुआ। समाधि से कुछ समय पूर्व ही उनके सानिध्य में बसुआ एवं जहाजपुर में पंचकल्याणक सम्पन्न हुए। कार्यक्रम संयोजक सुनील बज द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत करवाई गई। दीप प्रज्वलन के बाद शशि जैन, संतोष जैन, शैलबाला जैन एवं सुधा जैन ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया एवं विनयांजलि की शुरुआत हुई। भागचंद जैन मित्रपुरा ने आचार्य श्री द्वारा समाज हित में शुरू करवाए गए कार्यक्रमो की, पदम बिलाला ने पट्टाधीश परंपरा आदि, मुकेश पांड्या ने सम्बन्धित अनुभव एवं अपने मुख्य अतिथिय उद्बोधन में अनिल जैन आइपीएस ने उनके बारे में अनकहे संस्मरण एवं बसुआ में हुए पंच कल्याणक से सम्बन्धित अनुभवों के साझा करते हुए आचार्य श्री के प्रति अपनी विनयांजलि प्रस्तुत की। डेढ़ घंटे तक चली सभा में आचार्य ज्ञान सागर चालीसा एवं पंच परमेष्ठि की आरती की गई । अंत में सुभाष जैन ने विनयांजलि प्रस्तुत करते हुए धन्यवाद प्रस्तुत किया।

## THA Ghaziabad Unit: 16.11.2025

15 नवंबर 2025 को हमारे आराध्य आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स विवेक विहार में भव्य रूप से गुरु स्मृति दिवस का आयोजन किया गया था जिसमें अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से लगभग 20 सदस्यों ने सहभागिता की । इस अवसर पर हमारी शाखा के सदस्यओ एवं महिलाओं द्वारा दीप के थाल सजाकर आचार्य श्री की फोटो के समक्ष समर्पित किये ।इस कार्यक्रम में देश के सभी भागों से गुरु भक्तों ने बड़े उत्साह से भाग लिया ।

इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, श्री केवीएस जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन, शाखा कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन, शाखा सचिव श्री अंकित जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, शाखा सदस्य श्री दुष्यंत जैन, उप महा प्रबंधक कॉरपोरेशन बैंक, श्री सुखसागर जैन सहायक महा प्रबंधक एसबीआई, श्री मयंक जैन बर्कले बैंक वैशाली, श्री विकास जैन एचडीएफसी बैंक, श्री अरुण जैन, Mizuho Bank, श्री पंकज जैन जैन, डायरेक्टर जैन कोऑपरेटिव बैंक आदि एवं महिला सदस्याओ ने भी भाग लिया

## Baran Unit: 15.11.2025

हमारी बारां यूनिट द्वारा आयोजित सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञान सागर जी गुरुदेव के समाधि दिवस 15.11.2025को आचार्य श्री के समाधि स्थल पर पहुंचकर केन्द्रीय कार्याध्यक्ष श्री आर के जैन,कोटा यूनिट के अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद जी ठोरा,सचिव श्री महावीर कुमार जैन,उपाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार जैन,महेंद्र कुमार जैन ने गुरुदेव के चरणों का प्रक्षालन पूजन आरती की।

## Bhopal Unit: 12.11.2025

आज जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के अध्यक्ष श्री प्रभात गोयल का विद्या प्रमाण गुरुकुलम में गुरुकुल प्रेमी बनने पर 108 महाराज श्री प्रमाण सागर जी के समक्ष सम्मान किया गया.यह एक शैक्षणिक संस्था है जहां जैन छात्रावास भी है.

## Baran Unit: 12.11.2025

टोंक राजस्थान में चल रहे श्री पार्श्वनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव में पुनः निर्मित श्री श्याम बाबा दिगम्बर जैन मंदिर में नवीन वेदी में श्री पार्श्वनाथ भगवान की मूर्ति विराजमान करने के निमित्त 75000/- की सहयोग राशि बारां राजस्थान यूनिट के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन द्वारा प्रदान की गई।

## Gurgaon Unit: 11.11.2025

*परम श्रद्धेय आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी मुनिराज* की 15 नवम्बर 2025 को *पंचम समाधि दिवस* पर रविवार, दिनांक *09 नवम्बर 2025* को सिद्धांत क्षेत्र, *शिकोहपुर* पर एक *ज्ञान वर्धक* प्रोग्राम का आयोजन किया गया. प्रारम्भ *श्री संजीव जैन द्वारा मंगलाचरण* से किया गया। तत्पश्चात *आचार्य श्री जी के चित्र का अनावरण* एवं *दीप प्रज्वलन* किया गया। तत्पश्चात फोरम से जुड़े *नवागंतुक सदस्य* श्री राज भूषण जैन रि. Dgm एवं श्री सतीश जैन रि . मैनेजर का सपत्नीक *माल्यार्पण* कर स्वागत किया गया। उसके बाद क्षेत्र में स्थित *छात्रावास में निवासित कक्षा 6 से 12 के कुल 29 छात्रों* के मध्य आचार्य श्री के *जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता* करवाई गई। प्रतियोगिता में *एक छात्र प्रथम तीन छात्र द्वितीय और चार छात्र तृतीय* स्थान पाने वाले बच्चों को *विशेष पुरस्कार* से सम्मानित किया गया तथा *प्रत्येक छात्र को सांत्वना पुरस्कार* प्रदान कर सम्मानित किया गया। *शिक्षक श्री अंकित जैन*, जिन्होंने ने *आचार्य श्री की जीवनी* पर अध्ययन कराया था, को एवं *छात्रावास वार्डन श्री मिश्रा जी* को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता *समापन* पर विशिष्ठ संरक्षक *श्री पी के जैन साहब* और परम संरक्षक *श्री सोम प्रकाश जैन साहब* ने बच्चों के समक्ष आचार्य श्री के विषय में अपने उद्गार प्रकट किए। *फोरम के अध्यक्ष श्री राजेश जैन* ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता के पश्चात प्रत्येक छात्र को *प्रातःकालीन भोजन* प्रदान किया गया तथा *फोरम के सदस्यों* ने भी सुरुचि पूर्ण *आहार ग्रहण* किया। *उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के समस्त व्यय को श्रेष्ठी श्री पी के जैन साहब रिटायर्ड जीएम एवं उनकी धर्म पत्नी श्रीमती नीरू जैन द्वारा वहन किया गया।* आयोजन का संचालन *फोरम के सचिव* श्री डी सी जैन द्वारा किया गया।

## Baran Unit: 11.11.2025

टोंक राजस्थान में चल रहे श्री पार्श्वनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव में पुनः निर्मित श्री श्याम बाबा दिगम्बर जैन मंदिर में नवीन वेदी निर्माण के निमित्त बारां राजस्थान यूनिट के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन द्वारा रूपये 110000/- की राशि प्रदान की गई।

## Kota Unit: 11.11.2025

हमारे संगठन के कार्याध्यक्ष श्री आर के जैन साहब को कोटा में विराजमान आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी गुरुदेव के दर्शन का लाभ प्राप्त हुआ तथा समाज समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

## Gurgaon Unit: 10.11.2025

फोरम की गुड़गांव यूनिट के तत्वाधान में दिनांक 3 नवंबर से 6 नवंबर तक 4 दिन की श्री महावीर जी, चमत्कार जी सवाई माधोपुर, जहाजपुर, पदमपुरा, सांगानेर, चूलगिरी एवं तिजारा जी की तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया. 4 तारीख को प्रातः सभी सदस्यों ने चमत्कारिक प्रतिमा जी के सामूहिक रूप से भगवान के भगवान के दर्शन किए तथा अभिषेक में भाग लिया। वहां पर श्री महेश जी सिंगल जी ने चमत्कारी प्रतिमा का तथा श्री सोम प्रकाश जी ने भगवान पदम प्रभु की प्रतिमा का शांति धारा का सौभाग्य प्राप्त किया तथा श्री महेश जी ने 5100/- तथा श्री सोमप्रकाश जी ने ₹3100/- दान स्वरूप दिए। 5 नवंबर को शाम को सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से चतुर्दशी के दिन श्री स्वास्तिभूषण माताजी के सान्निध्य में भक्तांबर जी का 48 दीपक द्वारा पाठ किया गया तथा सभी सदस्यों ने रु.11,000/- दान स्वरूप मंदिर में दिए. अगले दिन सवेरे सभी सदस्यों ने भगवान के अभिषेक तथा शांति धारा में भाग लिया तथा श्री महेश सिंघल जी ने भगवान का अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त किया तथा मंदिर में ₹11,000 /- दान स्वरूप दिए इसी अवसर पर बाद में श्री सोमप्रकाश जी ने मंदिर में ₹11,000/- की राशि पूजनीय माताजी को शास्त्र प्रदान करने हेतु दान की। इस अवसर पर आर्यिका स्वास्तिभूषण माताजी तथा उपस्थित सज्जनों को *जैन बैंकर्स फोरम* की स्थापना का उद्देश्य बताया तथा

माताजी से आगामी अधिवेशन उनके सानिध्य में करने की इच्छा जाहिर की, जिसकी माताजी ने तुरंत स्वीकृति दे दी। अगले दिन पदमपुरा जी पहुंचने पर जयपुर सेंट्रल यूनिट के अध्यक्ष श्री बाबू लाल जी बिलाला और सचिव श्री जी एल जैन जी तथा अन्य सदस्यों ने सभी सदस्यों का  तिलक लगा कर ओर माला पहना कर स्वागत किया और चाय नाश्ता का अरेंजमेंट किया जिससे सभी सदस्य अविभूत हो गए। अगले दिन प्रातः सभी सदस्यों ने भगवान के अभिषेक और  शांति धारा में भाग लिया *प्रथम कलश* तथा *शांति धारा* का सौभाग्य भी श्री सोम प्रकाश जी ओर श्री महेश जी* को प्राप्त हुआ. उन्होंने रु. 80,000/- मंदिर को दान स्वरूप दिए. पदमपुरा जी से सांगानेर में संघी जी के मंदिर, तथा सांगानेर में विराजमान आचार्य  108 श्री सुंदर सागर जी महाराज के दर्शन करके चूलगिरी होते हुए  तिजारा  मंदिर में सामूहिक आरती करके  यात्रा वापस रात को गुड़गांव पहुंच गई. इस यात्रा का सभी ने भरपूर आनंद लिया तथा सारे रास्ते में भजन, नमोकार मंत्र तथा भक्तामर की का पाठ किया. इस यात्रा  के आंशिक प्रायोजक श्री महेश सिंगल जी थे।

## THA Ghaziabad Unit: 08.11.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से हमारे संकल्पनुसार त्रैमासिक अष्टम भक्तांमर 48 दीप महा अर्चना पाठ श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली में *आज 8 नवंबर 2025 को रात्रि 7:00 आयोजित किया गया है* । इस भक्तांमर 48 दीप महा अर्चना पाठ में काफी संख्या में शाखा पदाधिकारी एवं सदस्यों ने साथ ही जैन समाज के परिवार सदस्यों के साथ-साथ बच्चों ने भी भाग लिया। अंत में शाखा संरक्षक श्री जेके जैन जी द्वारा सभी सदस्यों एवं समाज सदस्यों एवं उनके परिवार जनों का इस पाठ में सहभागिता देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

## Lalitpur Unit: 06.11.2025

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे नगर के वार्षिक विमानोत्सव एवं श्री जी की शोभा यात्रा बड़ी ही भव्यता के साथ दिनांक 5 नवंबर को निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस विमान शोभा यात्रा में वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज का पूरे संघ सहित सानिध्य प्राप्त हुआ।  जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर के सदस्यों ने अपना बैनर लगा कर आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन किया व रथों में विराजमान भगवान की आरती की।  शोभा यात्रा में सभी सामाजिक संस्थाओं की व सभी अतिशय क्षेत्रों की सुंदर झाकियां निकाली गई जिससे प्रभावना में चार चांद लग गए। इस भव्य विमानोत्सव में फोरम के अध्यक्ष श्री विजय जैन लागोंन, मंत्री श्री राज कुमार जैन सर्राफ , कोषाध्यक्ष श्री गौरव जैन के अलावा श्री रमेश जैन, श्री महिपाल जैन, श्री दिलीप जैन, श्री केवल चंद जैन, श्री मयंक जैन, श्री अशोक जैन,श्री ए के जैन आदि सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी।

## Lalitpur Unit: 05.11.2025

आज दिनांक 05/ 11/ 2025 कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर परंपरागत  वार्षिक विमानोत्सव में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर के सभी सदस्यों ने स्टाल लगाकर श्री जी की अगवानी की व श्रीफल समर्पित करके आरती एवं आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज के पाद प्रक्षालन किया  एवं शोभा यात्रा में शामिल होकर धर्म की महती प्रभावना की।

## Agra Unit: 04.11.2025

दिनांक 31.10.25 को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर शालीमार एंक्लेव आगरा में चल रहे सिद्ध चक्र विधान में सामूहिक आरती में जैन बैंकर्स फोरम के सदस्यों ने अपनी सहभागिता की। इस अवसर पर फोरम के संरक्षक श्री जे बी जैन, संयोजक श्री अवधेश कुमार जैन, श्री महेन्द्र जैन लुहाडिया, श्री राजेन्द्र जैन, श्री ऐ बी जैन, श्री सत्येंद्र कुमार जैन एवं श्री सतीश जैन आदि ने भाग लिया।

## Gurgaon Unit: 03.11.2025

हमें यह सूचित करते हुए *प्रसन्नता* है कि गुड़गांव यूनिट के परम संरक्षक *श्रेष्ठी श्री सोम प्रकाश जी जैन एवं श्रीमति मंजू जैन* को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, जैकमपुरा, गुड़गांव में दिनांक 2 नवंबर 2025 को आयोजित *आचार्य श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज के पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम* में आचार्य श्री अभिनंदन सागर

जी महाराज के *चित्र अनावरण* का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके साथ यूनिट के *अन्य सदस्य श्री डी पी जैन, राजेश जैन, श्री महेश सिंगल, प्रदीप जैन, नरेश जैन ,आदेश जैन और श्री मदन पॉल जैन* उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने *मंदिर जी में रु.11,000/- दान स्वरूप* भेंट किए।

## Gurgaon Unit: 03.11.2025

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि गुड़गांव यूनिट से *श्रेष्ठी श्रीमान महेश सिंगल* जी *जायंट ट्रेजरर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ने *₹11,000 /- 2 नवंबर को* श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, जैकमपुरा, गुड़गांव में स्थित *औषधालय* मे दवाईयो के लिए दान किए हैं। हम उनके, मानव मात्र के लिए, सहृदयता दिखाने एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने पर *बहुत बहुत अनुमोदना* करते हैं।

## Jhansi Unit: 31.10.2025

आज *Jain Banker Forum Jhansi Unit* द्वारा आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज जी के जीवन पर आधारित ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम पाठशाला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से *अनुराग जैन, प्रयांशुजैन, अमित जैन एवं रोनक जैन* उपस्थित रहे। प्रश्नपत्र का निर्माण *मोनिका जैन* जी द्वारा किया गया। सभी विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया गया। Jain Banker Forum Jhansi Unit एवं Pathshala Samiti सभी बच्चों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद करती है, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया।

## Aligarh Unit: 30.10.2025

हमारे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम अलीगढ़ के सदस्य एवं प्रसिद्ध विचारक एवं जैन धर्म के विद्वान श्री गिरीश जी का इंदौर से प्रकाशित समाचार पत्र में जैन धर्म के फॉलोअर्स कैसे बढ़ाई जाए पर लेख प्रकाशित हुआ है यह हमारे लिए गौरव की बात है। आपके लेख विभिन्न मंचों से जैन धर्म के प्रसार प्रचार के लिए प्रकाशित होते रहते हैं एवं समय-समय पर आप विभिन्न मंचों पर अपने उद्बोधन से हम सबको लाभान्वित एवं प्रेरित भी करते हैं।

## Jhansi Unit: 28.10.2025

आज Jain Banker Forum Jhansi Unit द्वारा आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज जी के समाधि दिवस के उपलक्ष्य में उनके जीवन पर आधारित एक ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन पाठशाला में किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से अनुराग जैन, प्रयांशी जैन, मानसी जैन एवं रोनक जैन उपस्थित रहे। प्रश्नपत्र का निर्माण मोनिका जैन जी द्वारा किया गया। Jain Banker Forum Jhansi Unit, Pathshala Samiti का इस सफल आयोजन के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करती है।

## East Delhi Unit: 27.10.2025

श्री प्रवीण जैन जी अध्यक्ष ईस्ट दिल्ली शाखा के द्वारा सम्मेद शिखरजी में सिक्स सिद्ध चक्र विधान का आयोजन किया एवं वहां के बच्चों को पुरस्कार एवं अल्पाहार वितरित किए । हम उनकी इस पुनीत भावना के लिए उनको बधाई देते हैं और उनके इस पुण्य की अनुमोदना करते हैं

## THA Ghaziabad Unit: 26.10.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि भगवान महावीर के निर्वाण उत्सव एवं आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी की पंचम पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 26 अक्टूबर 2025 दिन रविवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली में उन्हीं के जीवन पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता दो वर्गों में प्रथम वर्ग 5 वर्ष से 8 वर्ष तक एवं द्वितीय वर्ग 9 वर्ष से 15 वर्ष तक के मध्य आयोजित की गई ।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण शाखा पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा किया गया एवं चित्र के समक्ष बाहर से पधारे अतिथियों एवं वर्धमान वूमेन क्लब की सदस्याओ के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया ।

इसके उपरांत बाहर से पधारे अतिथिगण जिसमें जैन कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री राजेश जैन, दिगंबर जैन मंदिर वैशाली के अध्यक्ष श्री महिम जैन, इंदिरापुरम से पधारे नर्सिंग कॉलेज के संस्थापक श्री अशोक जैन, जैन कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर श्री पंकज जैन आदि का माल्यार्पण, तिलक एवं पटका पहनकर स्वागत सम्मान किया गया ।

ड्राइंग प्रतियोगिता के लिए जज के रूप में श्रीमती पूनम जैन जो की एक ड्राइंग टीचर है एवं रिटायरमेंट के बाद भी ड्राइंग की क्लासेस लेती है रही । उनका भी माल्यार्पण, तिलक एवं पटका पहनकर स्वागत सम्मान किया गया ।

ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग 5 से 8 वर्ष में निम्न तीन बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया :

कुमारी प्रज्ञा जैन 8 वर्ष - प्रथम

कुमारी वृत्ति जैन 7 वर्ष - द्वितीय

कुमारी निहाली जैन 7 वर्ष -तृतीय

दूसरे वर्ग 9 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों में निम्न तीन बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया :

कुमारी आकृति जैन 15 वर्ष- प्रथम

कुमारी सानवीं जैन 11 वर्ष - तृतीय

कुमारी संवि जैन 11 वर्ष - तृतीय

दोनों कार्यक्रम में लगभग 52 बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। छोटे-छोटे 5- 5, 6- 6 साल के बच्चों में इतना उत्साह था और उनके द्वारा बनाई गई कृतियों को देखकर सभी अचंभित थे।
ड्राइंग प्रतियोगिता के बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती संयोगिता जैन एवं श्री अंकित जैन शाखा सचिव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।
कार्यक्रम के पुरस्कारों को श्री राजेश कुमार जैन चेयरमैन जैन कोऑपरेटिव बैंक के द्वारा प्रायोजित किया गया जिसके लिए उनका धन्यवाद ज्ञापन किया गया।
इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशालचंद जैन, शाखा सचिव श्री अंकित जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, शाखा सदस्य श्री राजेश कुमार जैन चेयरमैन जैन कोऑपरेटिव बैंक, श्री पंकज जैन डायरेक्टर जैन कोऑपरेटिव बैंक, श्री सुखसागर जैन, श्री आदिश्वर प्रसाद जैन एवं श्रीमती नेहा जैन आदि ने सहभागिता की।
कार्यक्रम के उपरांत सभी भाग लेने वाले बच्चों एवं उनके परिवार सदस्यों को फल वितरण किया गया।

## West Delhi Unit: 26.10.2025

दिल्ली यूनिट शाखा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं साधुवाद

## Baran Unit: 22.10.2025

श्री महावीर भगवान के निर्वाण दिवस पर जैन जोडला मन्दिर में लाडू समर्पण एवं आचार्य श्री ज्ञानसागर जी के समाधि दिवस पर विशेष पूजन की गयी।

## Gurgaon Unit: 21.10.2025

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीत ऋतु से रक्षार्थ जरूरत मंदो को कंबल का वितरण किया गया। यह आयोजन दिनांक 21 अक्टूबर 2025 को प्रातः 9 बजे सेक्टर 15 पार्ट 1 के मंदिर जी में आयोजित किया गया। इस पुनीत कार्य के पुण्यार्जक श्रीमती मंजू जैन एवं श्री सोम प्रकाश जैन रहे।

## THA Ghaziabad Unit: 20.10.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारे शाखा संरक्षक श्री जेके जैन जी के द्वारा अहिंसा खंड इंदिरापुरम में चल रहे आर्यका विकक्षा श्री माताजी के चातुर्मास के दौरान एक कलश प्राप्ति के लिए Rs. 31000/- रुपए की राशि प्रदान की। हम उनकी इस पुनीत भावना के लिए उनको साधुवाद प्रदान करते हैं।

अंकित जैन -सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 17.10.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारे शाखा संरक्षक श्री जेके जैन जी के द्वारा 16 नवंबर को आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए Rs.21000 रुपए की राशि दान स्वरूप प्रदान की। हम उनकी इस पुनीत भावना के लिए उनको साधुवाद प्रदान करते हैं।

अंकित जैन -सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 17.10.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारे शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन के द्वारा 16 नवंबर को आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए 31000 रुपए की राशि दान स्वरूप प्रदान की। हम उनकी इस पुनीत भावना के लिए उनको साधुवाद प्रदान करते हैं।

अंकित जैन -सचिव

## Agra Unit: 13.10.2025

हमारी आगरा शाखा के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अवनि कुमार जैन द्वारा दिनांक 25-09-2025 को आचार्य श्री विमल सागर संत निलय, धुलियागंज, आगरा के निर्माण हेतु ₹111111/= (रुपया एक लाख

ग्यारह एक सौ ग्यारह मात्र) की राशि चैक संख्या 962042 (S B I Khandari Crossing, Agra) के द्वारा दान स्वरूप प्रदान की गई । फोरम उनके इस उत्कृष्ट धार्मिक कार्य की सराहना व अनुमोदना करता है।
महेश जैन, महामंत्री

## Agra Unit: 13.10.2025

दिनांक 27.09.25 दिन शनिवार को धार्मिक यात्रा पर जैन बैंकर्स फोरम यूनिट आगरा के 15 सदस्यों ने सपरिवार श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र रानीला, श्री दिगम्बर जैन गजरथ मन्दिर रोहतक, श्री दिगम्बर जैन मन्दिर गुप्तिधाम एवं श्री दिगम्बर जैन मन्दिर सौरभांचल गन्नौर के दर्शन किए। रानीला में गणिनी आर्यिका श्री 105 आर्षमति माता जी के ससंघ दर्शन करने, गुप्तिधाम में श्री108 उपाध्याय गुप्तिसागर महामुनिराज के दर्शन करने एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दिनांक 28-09-2025 को गाजियाबाद जनपद में स्थित श्री दिगम्बर जैन मन्दिर ऋषभांचल तीर्थ तथा श्री तरुण सागरम तीर्थ के दर्शन किए। श्री तरुण सागरम तीर्थ क्षेत्र में परम पूज्य श्री 108 आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महामुनिराज ससंघ के दर्शन प्राप्त करने तथा आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।
महेश जैन, मंत्री

## Bhopal Unit: 10.10.2025

आज भोपाल फोरम द्वारा किया जाने वाला मासिक श्री भक्तांबर जी का ऑनलाइन पाठ भक्तांबर दिवस पर किया गया. पाठ के उपरांत भक्तांबर महीमा गाई गई एवं श्री एस पी जैन सा द्वारा हिन्दी में महाविराष्टक का पाठ किया गया श्री शैलेन्द्रजैन, श्रीमति मीनाक्षी जैन, श्रीमति रीता गोयल द्वारा भजन की मोहक प्रस्तुति की गई. श्री प्रभात गोयल द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में हुए का ब्रीफ बताया गया.

## Gurgaon Unit: 10.10.2025

कल दिनांक 9 अक्टूबर को विश्व भक्तांबर दिवस के उपलक्ष में गुड़गांव यूनिट ने भगवान महावीर पार्क मंदिर में 48 दीपों का भक्तांबर पाठ किया जिसमें फोरम के 25 सदस्य मौजूद थे ।2 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में भक्तांबर का पाठ और अन्य भजन वगैरह किए गए जिसमें सभी साथियों ने बहुत आनंद लिया.

## Jaipur Central Unit: 10.10.2025

1) बैंक रिटायरीज में गत कुछ दिनों से IBA GROUP HEALTH INSURANCE SCHEME 2025-26 काफी चर्चा का विषय बनी हुई थी। इसके प्रीमीयम में लगातार बढोतरी, बीमारीयों की खर्च लिमीट में कैपिंग, टॉप अप पर और खर्च, डे केयर का कवरेज नहीं होना, 18% GST का अलग खर्च, नो क्लेम बोनस का कोई लाभ न मिलना, वार्षिक हेल्थ चैकअप का कोई लाभ न मिलना, एयर एम्बुलेंस का कवरेज न होना,प्री व पोस्ट ट्रीटमेंट का कम अवधी तक कवरेज जैसी कई सुविधाओं का लाभ न मिलने के कारण काफी चिंता जताई जा रही थी।
2) अतः कई साथियों का सुझाव था कि IBA पोलीसी के बजाय बाहर की एजेंसी से मेडीक्लेम पोलीसी लेना अधिक फायदेमंद है व सस्ती है।
3) उपरोक्त बिंदुओं पर बातचीत करने हेतु आज दिनांक 09/10/2025 को स्टार, इंश्योरेंस, केयर हेल्थ इंश्योरेंस कं. SBI MEDICLAIM इत्यादि के प्रतिनिधीयों को आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर SFS,मानसरोवर, न्यूसांगानेर रोड जयपुर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के बैनर तले बुला कर एक कार्यशाला आयोजित की गई। तथा अलग-अलग कंपनियों के बीमा सलाहकार से चर्चा की गई तथा उपस्थित सभी सदस्य ने अलग अलग सवाल पूछ कर अपनी शंकाओं का निराकरण किया।
लगभग सभी सदस्य ने यह निष्कर्ष निकाला कि दूसरी एजेंसिया कम खर्च में अधिक कवरेज, व बेहतर सुविधायें प्रदान कर रही है। अतः सभी ने अन्य एजेंसी (IBA MEDICLAIM POLICY के अलावा) से मेडीक्लेम पाॅलीसी लेने पर सहमती जताई। आज की कार्यशाला में ONLINE- OFFLINE 17 सदस्य सम्मिलित हुए तथा 11 ने बाहरी एजेंसी से मेडीक्लेम पाॅलीसी लेने की सहमति प्रदान कर अपनी डिटेल वहां मौजूद बीमा सलाहकार को नोट करवा दी तथा पिछली पालीसी पोर्ट करवाने के लिए भी आवेदन कर दिया।
कुछ सदस्य ने अपना प्रीमियम भी जमा करवा कर नई पाॅलीसी भी जारी करवा ली।शेष ने शिघ्र ही प्रीमियम जमा करवा कर नई पालीसी जारी करवा लेने की जानकारी दी । आज का आयोजन पूर्ण रूप से सफल रहा। विभिन्न बीमा कंपनीयों से आये बीमा सलाहकार ने 60 से 65 वर्ष तक के सदस्य का 7.00 लाख का बीमा रू36064.00 में कर के वर्तमान पोलीसी को पोर्ट कर डे वन से सारी सुविधायें प्रदान की गई। जिसमें एम्बुलेंस चार्जेज 2500 की बजाय 10000 तक, एयर एम्बुलेंस सुविधा खर्च रू5.00 लाख तक सम्मिलित, अन लिमिटेड रीचार्ज सुविधा, प्री व पोस्ट ट्रीटमेंट 60व 180 दिन तक का Reimbursement, डे केयर सुविधा, वार्षिक हेल्थ चैकअप सुविधा, नो क्लेम बोनस अप टू 600% तक, नो एज लिमिट, टोटल कैशलेस ट्रीटमेंट, ट्रीटमेंट में नो केपींग, अप टू

सम इंश्योर्ड कवरेज और भी कई सुविधायें प्रदान की गई। उपरोक्त कार्यक्रम अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के बैनर तले आयोजित की गई

66 से 70 वर्ष, 71 से 75 वर्ष, 76से 80 वर्ष एवम इसके उपर अलग अलग रेट पर.

बाबू लाल जैन बिलाला अध्यक्ष जी एल जैन महासचिव आनंद प्रकाश जैन संयुक्त सचिव

## Muzaffarnagar Unit: 09.10.2025

विश्व भक्तामर दिवस 9.10.25 के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, मुजफ्फरनगर यूनिट द्वारा आयोजित भक्तामर पाठ एवम 48 दीपको से आरती के कार्यकर्म मैं बैंकर्स सदस्यों, साधु समिति के सदस्यों ने परिवारजनो, मित्र, बंधुओ सहित व लगभग 100 से अधिक जैन श्रावक, श्रविकाओं ने भाग लिया। हम उनके पुण्यार्जन् की अनुमोदना एवम हार्दिक धन्यवाद करते हैं

## Bhopal Unit: 09.10.2025

भोपाल में श्री प्रमाण सागर जी महाराज के सानिध्य में चल रहे सिद्धचक्र महा मंडल विधान में आज भोपाल फोरम द्वारा सामूहिक यात्रा, पूजन, प्रक्षाल एवं मंत्रोचारण किया गया, एवं सभी ने महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर श्री आनंद सराफ को शाम को होने वाली महा आरती के पुण्यर्जक होने का सौभाग्य मिला, आज विधान का छठवां दिन था , जिसने 269 अर्ध चढ़ाए गए.

## Jhansi Unit: 07.10.2025

यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि Jhansi Unit ने एक अभिनव पहल की है — कररगुवा जी मंदिर में प्रति मंगलवार संध्या नामोकार पाठ के बाद होने वाली समाज-बैठक में अब बैंकिंग संबंधी विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। इसका उद्देश्य समाज के सदस्यों को बैंकिंग प्रक्रियाओं की जानकारी देना और आवश्यकता पड़ने पर Jain Bankers Forum के माध्यम से उनकी सहायता करना है। आज की चर्चा में नई CTS चेक क्लियरिंग व्यवस्था की जानकारी दी गई तथा श्री अंकित जैन (सरकारी प्राथमिक शिक्षक, PNB ओरई) द्वारा खाते के झाँसी में स्थानांतरण से संबंधित प्रश्न पर श्री विजय जैन (PNB) ने पूर्ण मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की। Jhansi Unit की यह पहल समाजहित में एक छोटा-सा प्रयास है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को बैंकिंग संबंधी सहायता मिल सके।

रौनक जैन

## THA Ghaziabad Unit: 07.10.2025

4 अक्टूबर 2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स का ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से एक तीर्थ यात्रा दल हिमालय की वादीयो में बने सुंदर मुक्तेश्वर दिगंबर जैन मंदिर का भ्रमण किया जिसमें शाखा की ओर से आठ सदस्य परिवारों ने सहभागिता की।सर्वप्रथम 4 अक्टूबर को मुक्तेश्वर दिगंबर जैन मंदिर पहुंचने पर रात्रि 8:00 बजे मंदिर के प्रांगण में सामूहिक भक्तांमर 48 दीप महा अर्चना पाठ किया गया।

5 अक्टूबर 2025 को प्रातः 7:00 बजे सर्वप्रथम सभी सदस्य परिवारों के द्वारा मंदिर की तीनों बेदीयो में बड़े भक्ति भाव से श्रीजी अभिषेक एवं शांति धारा की गई।उसके उपरांत सभी सदस्यों के द्वारा बहुत ही भक्ति भाव से वृहद्ध शांति विधान पाठ किया गया जिसमें सभी सदस्य परिवारों ने भाग लिया।धार्मिक कार्यक्रम के उपरांत मुक्तेश्वर निकटवर्ती क्षेत्र में स्थित रमणीक वॉटरफॉल एवं भीमताल में नोकायन आदि का आनंद लिया।यह टूर एक यादगार टूर रहा।

इस धार्मिक यात्रा कार्यक्रम में शाखा संरक्षक श्री जेके जैन जी शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन जी शाखा सचिव श्री अंकित जैन जी शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन जी शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन जी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन जी राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री एवं शाखा सदस्य श्री विमल कांत जैन जी आदि ने भाग लिया।

## Kota Unit: 07.10.2025

दिनांक 27 सितम्बर को कोटा इकाई के साथी श्री तरुण सागरमं तीर्थ मुराद नगर की वंदना करते हुए.

## THA Ghaziabad Unit: 06.10.2025

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित राष्ट्र स्तरीय विद्या समय दीप आरती नृत्य प्रतियोगिता जो कि आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद से, संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज की आध्यात्मिक श्रमणी आर्यिका रत्न श्री पूर्णमति माताजी के पावन सान्निध्य में 6 अक्टूबर 2025 को सूर्य नगर जैन मंदिर आयोजन स्थल पर आयोजित की गई। जिसकी पुरस्कार राशि थी:

1. प्रथम-101000/-
2. द्वितीय 51000/-
3. तृतीय 31000/-

🎶 **विद्या समय दीप आरती नृत्य प्रतियोगिता** 🎶

इस में देश के विभिन्न भागों के जैन समाज से आई बच्चियों के द्वारा सहभागिता की। हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारे जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्य श्री मयंक जैन की दो बच्चियों कु० चार्वी जैन, कु० अणिमा जैन एवं हमारे तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष CS मनोज जैन जी कि सुपुत्री कु० तृप्ति जैन एवं वैशाली जैन समाज के सदस्य CA अदीप जैन की सुपुत्री कु० आन्या जैन द्वारा संयुक्त नृत्य प्रस्तुति प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता में इन बच्चियों को प्रथम पुरस्कार जो की ₹101000/- की राशि थी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इन पुरस्कारों की घोषणा एवं उन्हें मंच पर सम्मानित करते समय पूरा हाल तालिया की गदगढ़ाहट से गूंज उठा। वास्तव में यह क्षण अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद सदस्यों के लिए, तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशन ट्रस्ट के परिवार सदस्यों के लिए एवं दिगंबर जैन समाज वैशाली के लिए अत्यंत गौरव के छण थे।

हम अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सभी सदस्यों की ओर से न केवल इन बच्चियों को अपितु उनके गर्वित माता-पिता एवं परिवार सदस्यों को हृदय से बधाई देते हैं एवं अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। उनके द्वारा निश्चित वैशाली जैन समाज, जैन बैंकर्स फोरम एवं तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट का सम्मान बढाया है। जिसके लिए उनके माता-पिता निश्चित ही साधुवाद के पात्र हैं।

## Agra Unit: 06.10.2025

दिनांक 27.09.25 दिन शनिवार को धार्मिक यात्रा पर जैन बैंकर्स फोरम यूनिट आगरा के 15 सदस्यों ने सपरिवार श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र रानीला, श्री दिगम्बर जैन गजरथ मन्दिर रोहतक, श्री दिगम्बर जैन मन्दिर गुप्तिधाम एवं श्री दिगम्बर जैन मन्दिर सौरभांचल गन्नौर के दर्शन किए। रानीला में गणिनी आर्यिका श्री 105 आर्षमति माता जी के ससंघ दर्शन करने, गुप्तिधाम में श्री108 उपाध्याय गुप्तिसागर महामुनिराज के दर्शन करने एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

दिनांक 28-09-2025 को गाजियाबाद जनपद में स्थित श्री दिगम्बर जैन मन्दिर ऋषभांचल तीर्थ तथा श्री तरुण सागरम तीर्थ के दर्शन किए। श्री तरुण सागरम तीर्थ क्षेत्र में परम पूज्य श्री 108 आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महामुनिराज ससंघ के दर्शन प्राप्त करने तथा आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।

## Jaipur Central Unit: 27.09.2025

16 सितंबर '25 की मीटिंग के निर्णय अनुसार अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के बैनर तले दिनांक 21/09/2025 को जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट द्वारा,अतिशय क्षेत्र पदमपुरा (जयपुर) में संगीत मय शांतिविधान मंडल पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के सदस्यों ने सपरिवार व जैन समाज के अन्य सदस्य तथा श्री महावीर नवयुवक मंडल, चित्रकूट कोलोनी,सांगानेर जयपुर के लगभग 125 से अधिक सदस्यों ने विधान में बैठकर धर्म लाभ प्राप्त किया। संगीत मय शांतिविधान पूजन पूर्ण भक्ति भाव के साथ करते हुए सभी ने पूजा का आनंद प्राप्त किया। पूजा के पश्चात सभी ने राजस्थानी भोज का आनंद लिया। पदमपुरा अतिशय क्षेत्र में संगीतमय शांतिविधान पूजन का आनंद लेते हुए श्री महावीर नवयुवक मंडल चित्रकूट कॉलोनी सांगानेर जयपुर द्वारा ,अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के पदाधिकारीयो का स्वागत किया गया।

## Muzaffarnagar Unit: 25.09.2025

All india Jain Bankers Fourm Muzaffarnagar Team participated in the 13th Blood 🩸 Donation Camp at K K Jain Inter College, Khatauli on, 24th Sept., 25 on Punya Tithi of most respected Jain Banker late Sh. Surrendra Kumar Jain ji who spent his entire life for the cause of Bankers spsly Jains & Jain Bankers. Our Unit Patroon, Sh. Rajeev Jain ji, Canara Bank, President Praveen kr Jain,PNB & other Senior members Sh.Subodh kr Jain, SBI, Sh.R.K.Jain,PNB & Sh. J. L. Jain, PNB were present in this Blood Donation Camp,

## Gurgaon Unit: 21.09.2025

आज दिनांक 21 सितंबर 2025 को गुड़गांव फोरम के 24 मेंबर्स लाल मंदिर जी, दिल्ली में विराजमान अर्हम ध्यान योग प्रणेता मुनिवर श्री 108 प्रणम्य सागर जी मुनिराज के दर्शन हेतु उपस्थित हुए। गुरुवर से आशीर्वाद प्राप्त कर कृतकृत, गदगद और अनुग्रहित अनुभव किया। तत्पश्चात धर्मपुरा और दरीबा कलां में स्थित प्राचीन जिनालय के दर्शन कर अभिभूत हुए। एक एक जिनालय में अथाह जिन प्रतिमा विराजित देखकर आनंद की और जैन धर्म की प्राचीनता की अनुभूति हुई। यात्रा बस के माध्यम से प्रातः 6.30 चलकर मध्यान्ह 1 बजे सानंद सम्पन्न हुई। यह यात्रा फोरम के तत्वाधान में और परम संरक्षक श्री सोम प्रकाश जी जैन, विशिष्ठ संरक्षक श्री पी के जैन, अध्यक्ष श्री राजेश जैन के नेतृत्व और निर्देशन में संपन्न हुई। साथियों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए ऐसी आनंददायक यात्रा की शीघ्र ही पुनरावृत्ति करने का आव्हान किया।

## Meerut Unit: 15.09.2025

श्री दिगंबर जैन पारसनाथ पंचायती मंदिर सेक्टर 2 शास्त्री नगर मेरठ में 14.09.2025 को अष्टमी के दिन 48 रजत दीप को के साथ भक्तांबर मा अर्चना की गई जिसमें जैन बैंकर फोरम मेरठ के पांच परिवारों ने हिस्सा लिया पाठ के पश्चात ड्रा के माध्यम से पुरस्कार भी वितरण किए गए

## Gurgaon Unit: 15.09.2025

दिनांक 13 सितम्बर 2025 को Truvia Hospital ने जैन बैंकर फोरम गुरुग्राम यूनिट के समर्थन और सहयोग से जैन मंदिर जी परिसर, सेक्टर 15 पार्ट 1, गुरुग्राम में फ्री मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया । उसमें फोरम के लगभग 20 प्रतिनिधियों और लगभग 100 आगंतुकों ने अपना हेल्थ चेकअप करा कर लाभ प्राप्त किया। मंदिर जी के पदाधिकारियों और आगंतुकों ने फोरम के इस प्रयास की सराहना करते हुए साधुवाद दिया। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन कराने के लिए गुरुग्राम यूनिट प्रतिबद्ध हैं।

## Meerut Unit: 14.09.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है की दिनांक 6 सितंबर 2025 को भक्तांमर दीप महा अर्चना पाठ 48 मांडलों पर 48 परिवारों द्वारा श्री दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 2 शास्त्री नगर मेरठ में आयोजित किया गया जिसमें शाखा के 5 परिवार सदस्यों एवं समाज के सदस्यों ने भाग लिया । ₹15000 की राशि दिनांक 6.9.2025 को फोरम के संयुक्त मंत्री श्री विकास जैन एसबीआई द्वारा के ब्लॉक जैन मंदिर में सिंहासन हेतु प्रदान की गई हम उनके पुण्य की अनुमोदना करते हैं. एक चांदी के अष्ट मंगल की 11000 रुपए राशि दिनांक 6.9.2025 श्री दिगंबर जैन पारसनाथ पंचायती मंदिर सेक्टर 2 में फोरम के मंत्री श्री सुधीर कुमार जैन द्वारा प्रदान की गई

## THA Ghaziabad Unit: 13.09.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक 13 सितंबर 2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से एक बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की सुशिष्या 105 आर्यका सुज्ञानमती माताजी एवं 105 आर्यका दयामती माताजी के पावन सानिध्य में विशेष रूप से पधारे सराक बंधुओ के मध्य आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री सी एस जैन रि० मुख्य प्रबंधक सेंट्रल बैंक को आमंत्रित किया गया था ।

सर्वप्रथम शाखा संरक्षक श्री जेके जैन जी द्वारा सभी को डिपॉजिट स्कीम के बारे में एवं शिक्षा ऋण और हाउसिंग लोन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं यह भी बताया कि वह किस प्रकार से इन सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं । मुख्य वक्ता के रूप में पधारे श्री सी एस जैन जी द्वारा साइबर क्राइम के ऊपर अपने विस्तृत विचार प्रस्तुत किये साथ ही उन्होंने बताया कि हम रोजमर्रा की बीमारियों से अपने आप को किस प्रकार दूर रख सकते हैं एवं बिना कोई पैसा खर्च किए किस प्रकार से उनका घर बैठे इलाज कर सकते हैं । इस अवसर पर उपस्थित सभी बंधुओ के के द्वारा उठाई गई समस्याओं का भी तुरंत निवारण किया गया । माता जी के द्वारा जैन बैंकर्स फोरम के द्वारा आचार्य श्री के देवलोक गमन के बाद भी पूर्ण निष्ठा से उनके मार्गों को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए फोरम की प्रशंसा की एवं अपना आशीर्वाद प्रदान किया ।

सभी ने माता जी से उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया ।

## Baran Unit: 13.09.2025

क्षमावाणी पर्व के पावन अवसर पर श्री जी के अभिषेक हेतु स्वर्ण कलश बनवाने हेतु 11000/- सहयोग राशि बारां यूनिट के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन द्वारा समाज को प्रदान की गई।

## Aligarh Unit: 13.09.2025

आज अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम अलीगढ़ शाखा के सदस्यों ने टिमकोली जिला मुरैना एवं ज्ञानोदय की यात्रा की।

## Baran Unit: 11.09.2025

पर्यूषण पर्व के अवसर पर विद्यासागर पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। पाठशाला के सभी बच्चों को बारां यूनिट द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

## Firozabad Unit: 10.09.2025

अखिल भारतीय जैन बैकर्स फोरम फिरोजाबाद इकाई द्वारा सोमवार, 8 सितम्बर को श्री शान्तिनाथ जिनालय विभव नगर फिरोजाबाद में दशलक्षण पर्व के समापन पर क्षमावाणी कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विधानाचार्य पं राजेश जैन जी ने जिनागम अनुसार क्षमावाणी पर विस्तार से प्रवचन दिया। अध्यक्ष अमित कुमार जैन, मंत्री अनिल कुमार जैन, चक्रेश कुमार जैन, चन्द प्रकाश जैन, सुधीर जैन, राजेश जैन, जौली जैन की सक्रिय सहभागिता रही। विभव नगर जिनालय कमैटी तथा समाज के प्रबुद्ध धर्मावलंबी लोगों का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## Gurgaon Unit: 10.09.2025

कल 9 सितंबर को सदर बाजार गुड़गांव जैन मंदिर की रथ यात्रा में श्री राजेश जैन अध्यक्ष गुड़गांव यूनिट को इंद्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हम उनके इस पुण्यार्जन की बहुत-बहुत अनुमोदना करते हैं

## Noida Unit: 09.09.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फ़ोरम नोएडा शाखा की साधारण सभा का आयोजन दिनांक 7 सितंबर को शाखा के मंत्री श्री नवनीत जैन के आवास पर संपन्न हुआ। मीटिंग का प्रारंभ नमोकर मंत्र के पाठ से हुआ । नमोकार मंत्र के पाठ के पश्चात नोएडा शाखा द्वारा अभी तक की गई गतिविधियों से सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फ़ोरम के वार्षिक अधिवेशन में भाग लेने के लिए सभी सदस्यों ने सहमति जताई। शाखा के आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श करने के उपरांत मीटिंग का समापन हुआ।

## Gurgaon Unit: 08.09.2025

हमारी शाखा के विशिष्ट संरक्षक श्री पी के जैन साहब ने तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट, सेक्टर 3, गाजियाबाद की ₹51000 का अंशदान देकर आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। समस्त गुरुग्राम यूनिट उनके इस पुनीत और अनुकरणीय कार्य की बहुत-बहुत अनुमोदना करते हुए गर्व अनुभव करती है। गुड़गांव यूनिट द्वारा यह 01 सितंबर 2025 से शुरू हुए वर्ष की पहली एक्टिविटी है।

## Firozabad Unit: 04.09.2025

अखिल भारतीय जैन बैकर्स फोरम फिरोजाबाद इकाई द्वारा आज गूरूवार, 4 सितम्बर को श्री शान्तिनाथ जिनालय विभव नगर फिरोजाबाद में सामूहिक पूजन और अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अमित कुमार जैन, चक्रेश कुमार जैन, अनिल कुमार जैन, सुधीर जैन, राजेश जैन, जौली जैन की सक्रिय सहभागिता रही। विभव नगर जिनालय कमैटी तथा समाज के प्रबुद्ध धर्मावलंबी लोगों का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## Aligarh Unit: 04.09.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉर्म अलीगढ़ की ओर से आज पर्यूषण पर्व पर निशुल्क भोजन वितरण का कार्य किया गया। अलीगढ़ शाखा के अध्यक्ष अतुल जैन व अन्य सदस्य भोजन वितरण करते हुए

## THA Ghaziabad Unit: 02.09.2025

आज सूर्य नगर की धर्म नगरी में बने भव्य पंडाल में हमें आचार्य विद्यासागर जी महाराज की सुशिष्या परम पूज्य गणनी आर्यका पूर्णमति माताजी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।इस अवसर पर सूर्य नगर जैन समाज के अध्यक्ष श्री योगेश कुमार जैन जी ने हम सभी का माताजी से परिचय कराया एवं हमारे द्वारा चलाई जा रही दोनों संस्थाओं तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के बारे में विस्तृत जानकारी दी कि किस प्रकार हमारी यह दोनों संस्थाएं जैन समाज की सेवा में एवं बच्चों की शिक्षा क्षेत्र में किस प्रकार आगे बढ़कर सहयोग कर रही है।माताजी द्वारा हमारे द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना की एवं हम सभी को बहुत-बहुत आशीर्वाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन एवं शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन ने सहभागिता की।

## निरन्तर की जाने वाली गतिविधियाँ

1. गुरुग्राम इकाई : प्रत्येक अष्टमी व चतुर्दसी को गूगल मीट पर ऑनलाइन पाठ मई 2021 से
2. गुरुग्राम इकाई : मासिक अंतराल पर धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मार्च 2023 से
3. गुरुग्राम इकाई : मासिक अंतराल पर ऑफ लाइन णमोकार मन्त्र का पाठ फरवरी 2024 से
4. जयपुर सेंट्रल इकाई : 4.12.25 से 06.01.26 तक प्रति दिन व 20.01.26 से प्रत्येक शनिवार को गूगल मीट पर णमोकार मन्त्र का पाठ